●वर्ष : 16 ●अंक : 265 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHI/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 17 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# 'मोदी सरकार ने बनाया फजीवाड़े का स्टार्टअप'

## स्टार्टअप इंडिया की वर्षगांठ पर खरगे ने लगाए आरोप

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** केंद्र सरकार स्टार्टअप इंडिया पहल के नौ साल पूरे होने पर जहां जश्न मना रही है। वहीं, कांग्रेस ने इसे लेकर भाजपा सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि नौ साल में नरेंद्र मोदी सरकार ने केवल फर्जी का स्टार्टअप बनाया है।

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि बीते नौ सालों में मोदी सरकार ने केवल फजीवाड़ा का 'स्टार्टअप' बनाया है! तथ्य यह है कि भारतीय स्टार्टअप को मोदी सरकार से नगण्य समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप उद्योग में जो भी विकास हुआ है, उसका श्रेय स्टार्टअप्स की उद्यमशीलता की भावना और सरलता को जाना चाहिए, न कि केंद्र सरकार को।

**वादे से मुकरने का लगाया आरोप**



उन्होंने आगे कहा कि हकीकत यह है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्टार्टअप इंडिया सीड फंड के लिए केवल 1.58% मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को मंजूरी दी गई है। वहीं, 97 प्रतिशत से अधिक को कोई कर लाभ नहीं मिला है। बीजेपी ने 20,000 करोड़ रुपये के स्टार्टअप सीड फंड का वादा किया था लेकिन मोदी सरकार ने केवल 454.04 करोड़ रुपये की फंडिंग को मंजूरी दी है।

### 2016 से अब तक 17 लाख से अधिक को मिलीं नौकरियां

डीपीआईआईटी के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय स्टार्टअप्स ने पिछले नौ साल में 17 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत एक अप्रैल, 2016 या उसके बाद बने स्टार्टअप आयकर छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन मान्यताप्राप्त स्टार्टअप को अंतर-मंत्रालयी बोर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, उन्हें स्थापना के बाद से 10 वर्षों में से लगातार तीन वर्षों की अवधि के लिए आयकर से छूट दी जाती है।

उन्होंने दावा किया कि अकेले 2024 में 5,000 से अधिक स्टार्टअप बंद होने की कगार पर हैं। मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 2020 से कम से कम 1,56,000 स्टार्टअप नौकरियां खत्म हो गई हैं। वहीं, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने अपने आंकड़ों में बताया है कि देश के स्टार्टअप में नौ साल में फंडिंग 14 गुना से ज्यादा बढ़कर 115 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। 2016 में यह सिर्फ 8 अरब डॉलर थी। इस अवधि में स्टार्टअप इंडिया पहल के लॉन्च के बाद से 2024 के अंत तक पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 1.57 लाख से अधिक हो गई है। समर्पित स्टार्टअप नीतियों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्टार्टअप की संख्या 2016 के चार से बढ़कर 31 हो गई है। यूनिकॉर्न की भी संख्या कई गुना बढ़ी है। 2016 में 8 यूनिकॉर्न थे, जो अब 118 हो गए हैं। कम से कम एक अरब डॉलर मूल्य वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहते हैं। सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### वाहनों की टक्कर से एक की मौत

**खरगोन।** बुधवार सुबह चार्टेड यात्री बस की ट्राले से भिड़ंत हो गई। इसमें बस सवार 8 यात्री घायल हो गए, जबकि ट्राला चालक नारायण पिता धुलजी नि. गुजरी (राजगढ़) की मौत हो गई। हादसा मेनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम निमगुल के समीप हुआ। टक्कर के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टकराए वाहनों को क्रेन से सड़क किनारे कराया। जानकारी अनुसार ट्राला (जीजे 12 झेड 0184) चालक कसरावद की ओर से खरगोन की ओर जा रहा था, जबकि यात्री बस (एमपी 09 एफए 8023) खरगोन से इंदौर की ओर जा रही थी। निमगुल के समीप ट्राला चालक ने आगे चल रही बैलगाड़ी को ओवरटेक करना चाहा, जिससे सामने से आ रही यात्री बस से भिड़ंत हो गई।

### दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल को अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने से संबंधित पूछताछ के लिए बुधवार को राष्ट्रपति आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। दक्षिण कोरिया में पहली बार किसी मौजूदा राष्ट्रपति के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गई है देश की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने यह जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, श्री यून बुधवार सुबह जांचकर्ताओं के साथ अपने आवासीय परिसर से मोटरसाइकिल में निकले और उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

मंत्रि-परिषद में गरीब कल्याण मिशन को स्वीकृति देते हुए लक्ष्य बनाया

# मध्यप्रदेश 2028 तक होगा गरीबीमुक्त

■ भोपाल

राज्य सरकार ने गरीब कल्याण मिशन को स्वीकृति देकर इसे धरातल पर उतारने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की है। त्रि-स्तरीय आयामों पर काम करते हुए सरकार वर्ष 2028 तक राज्य को गरीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी। इसके लिए बहुआयामी गरीबी इंडेक्स सुधार के लिए अलग-अलग खंड तय किए गए हैं, जिन पर सरकार अलग-अलग काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव की उपस्थिति में मंत्रालय में बुधवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन एवं इसके स्वरूप पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ग्वालियर-उज्जैन मेलों में परिवहन कर में 50 फीसदी छूट सहित विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### ये भी हुए निर्णय

- प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड के लिए 932 पदों का सृजन किया गया है।
- डायल 100 सेवा के तीसरे चरण अर्थात अप्रैल 2025 से सितंबर 2030 तक संचालन के लिए 1565 करोड़ रुपये की डीपीआर को मंजूरी दी गई है। 2023 में बने तीन नए जिलों में नए पदों को मंजूरी दी गई।
- दिवंगत कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राकेश कुमार ठाकुर के परिजनों को 90 लाख की विशेष अनुग्रह राशि देने का लिया निर्णय।
- नए जिलों पांढुर्णा, मऊगंज और मैहर में विभागीय कार्यालयों की स्थापना और नए पदों को मंजूरी दी गई।
- ग्वालियर की तरह उज्जैन व्यापार मेले से वाहन खरीदी पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट देने के निर्णय पर मोहर लगी।
- बलसाड़ में पदस्थ चिकित्सक डॉ. आशा देशमुख की विदिशा जिला चिकित्सालय में प्रतिनियुक्ति को ध्यान में रखते हुए उनके राज्य में संविलयन का निर्णय लिया गया।

कांग्रेस भवन उद्घाटन में भाजपा-संघ पर राहुल-खड़गे के विवादित बोल

# हमारी लड़ाई इंडियन स्टेट से–राहुल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस न सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से, बल्कि इंडियन स्टेट (भारत सरकार) से भी लड़ाई लड़ रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के बुधवार को नए कांग्रेस मुख्यालय भवन का उद्घाटन किया। साथ ही मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी ने कांग्रेस के नये मुख्यालय को धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की नींव पर आधारित सतत समावेशी विकास का प्रतीक बताया और कहा है कि यह भवन हमारे मूल्यों को



■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में नहीं, कांग्रेस की सोच में है देश की समृद्धि- खड़गे

प्रतिबंधित करती रहेगी। समारोह को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत कह रहे हैं कि 1947 में भारत को सच्ची आजादी नहीं मिली थी। मोहन भागवत का यह बयान हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ हर एक भारतीय नागरिक का अपमान है। भागवत का कमेंट हमारे संविधान पर हमला है।

### राहुल ने स्वीकारा अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध-नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की भर्त्सना की और कहा कि श्री गांधी के बयान से साफ हो गया है कि उनके अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि राहुल गाँधी का आज का बयान कि वह 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं, यह कांग्रेस के भारत की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने के खतरनाक षड्यंत्र को दर्शाती है। श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास ऐसी ताकतों का समर्थन करने का रहा है जिनका उद्देश्य भारत को कमजोर करना है।



भाजपा में पांच जिलाध्यक्षों को फिर से मिला अवसर, दो महामंत्री बने अध्यक्ष

# तीसरी सूची में दो महिला सहित 14 जिलाध्यक्ष घोषित

■ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव में तीसरी सूची बुधवार की रात जारी की गई जिसमें 14 निर्वाचित जिलाध्यक्षों के नाम शामिल हैं। इनमें दो महिला जिलाध्यक्ष चुनी गई हैं। 5 जिलाध्यक्षों को फिर से अवसर मिला है। तीन जिला महामंत्री, जिलाध्यक्ष बने हैं। पार्टी के अब तक कुल 46 निर्वाचित जिलाध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। 14 या 16 जिलाध्यक्षों की अंतिम सूची गुरूवार को जारी हो सकती है।

**इन जिलों में महिलाओं को अवसर-** सिवनी जिले में श्रीमती मीना बिसेन जिलाध्यक्ष चुनी गई हैं। जबकि नर्मदापुरम में श्रीमती प्रीति शुक्ला जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। इससे पहले नीमच से वंदना खण्डेलवाल और सागर ग्रामीण से रानी कुशवाह को जिलाध्यक्ष चुना गया है। इस तरह अब तक कुल 4 महिलाओं को अवसर मिला है। अंतिम सूची में भी एक या दो महिलाओं को जिलाध्यक्ष पद पर अवसर मिल सकता है।

**यहां पुराने जिलाध्यक्षों को मिला अवसर-** रायसेन में राकेश शर्मा, अलीराजपुर में संतोष परवल, झाबुआ में भानु भूरिया, भिण्ड से देवेन्द्र नरवरिया और सीधी से देव कुमार सिंह को फिर से जिलाध्यक्ष बनने का अवसर मिला है। बैतूल से जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए सुधाकर पंवार, बड़वानी से अजय यादव और आगर से ओम मालवीय वर्तमान जिला कार्यकारिणी में जिला महामंत्री थे।



ओम मालवीय



अजय यादव



भानु भूरिया



संतोष परवाल

- दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा भारत-मोदी
- विदिशा को नगर निगम बनाया जाएगा

### भाजपा की तीसरी सूची में यह 14 जिलाध्यक्ष शामिल

- आगर ओम मालवीय
- बड़वानी अजय यादव
- झाबुआ भानु भूरिया
- अलीराजपुर संतोष परवाल
- रायसेन राकेश शर्मा
- बैतूल सुधाकर पंवार
- सिवनी श्रीमती मीना बिसेन
- रीवा वीरेन्द्र गुप्ता
- मुरैना कमलेश कुशवाहा
- मंडला प्रफुल्ल मिश्रा
- भिण्ड देवेन्द्र नरवरिया
- उमरिया आशुतोष अग्रवाल
- नर्मदापुरम श्रीमती प्रीति शुक्ला
- सीधी देवकुमार सिंह

# किसी को शक..! राहुल अराजकता के एंबेसेडर...

त्वरित टिप्पणी

**डॉ.अजय खेमरिया**

मोदी के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए राहुल गांधी और इंडी गठबंधन भारत के खिलाफ भी खड़ा हो गया है। यह बात विमर्श में सतही रूप से सुनी जाती रही है और इसे बढ़ाने वाले लोगों को लेफ्ट इकोसिस्टम की ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज राहुल गांधी ने इस विमर्श को खुद ही सार्वजनिक रूप से स्थापित कर दिया है कि उनकी लड़ाई अब मोदी, भाजपा, संघ से आगे निकलकर 'भारत' के विरुद्ध है।

नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन समारोह में राहुल गांधी ने जो कुछ कहा है उसे महज राजनीतिक बयान भर नही समझा जा सकता है। वे संघ, सावरकर, हिंदुत्व, राम मंदिर जैसे मामलों पर तो अक्सर आधारहीन बातें करते ही रहते हैं, लेकिन आज उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई इंडियन स्टेट से है। यह बोल और भाव आपको डीप स्टेट की थियरी चलाने वाले भारत के शत्रु जॉर्ज सोरोस की पाठशाला में भी स्पष्ट रूप से सुनाई दे सकते हैं। ऐसे में सवाल यही है कि क्या राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों के इशारों पर देश को तोड़ने के षड्यंत्र में शामिल हैं? भारत के विरुद्ध युद्ध का आशय क्या है? लेफ्ट इकोसिस्टम के भांड इसे संघ, भाजपा, चुनाव आयोग जैसे सतही मुद्दों के साथ व्याख्यित करेंगे, लेकिन यह देश के समक्ष एक गंभीरतम खतरा है कि विपक्ष का नेता जिसने संविधान की शपथ ली है, जो संविधान बचाने की कसमें खाता घूम रहा है, वह उसी इंडियन स्टेट के विरुद्ध जंग का ऐलान कर रहा है।

राजनीति विज्ञान में स्टेट यानी राज्य के विरोधी होने का सीधा मतलब है आपका लोकतंत्र में भरोसा नहीं है। आप राज्य का अंत कर अराजकता की स्थापना करना चाहते हैं। यही मार्क्स का सपना था। क्या राहुल इंडियन स्टेट के विरुद्ध जंग का ऐलान कर इस भारत राज्य को खत्म करना चाहते हैं?

ध्यान से देखें तो डीप स्टेट यानी अमेरिका में डेमोक्रेटस के भेष में सक्रि य अराजकतावादी कम्युनिस्ट लॉबी की भाषा ही राहुल गांधी की राजनीति का व्याकरण है। वह संपति के वितरण की बात करते हैं, भारत के फेयर स्टेट होने पर आरक्षण खत्म करने का दावा अमेरिका में करते हैं। उन्होंने दिल्ली में परसों ही कहा कि भारत से अरबपतियों को खत्म करने का समय आ गया है। वह लगातार चीन की भाषा बोलते हैं। संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध वातावरण बनाते हैं। लोकसभा में 44 से 99 सीट जीतने पर जीत का जश्न मनाते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में हारने पर आयोग को ही खारिज करते हैं। भारत के वैल्थ क्रियेटर के विरुद्ध उनका अभियान विदेशी एजेंसियों या थिंक टैंक के इर्दगिर्द घूमता रहता है।

बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सच ही कहा कि यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके इकोसिस्टम के अर्बन नक्सलियों और डीप स्टेट एक्टर्स के साथ गहरे संबंध हैं। देश की जनता को ध्यान से राहुल गांधी के इस सपने और जंग के ऐलान को समझना होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी का यह नेता कैसे चुनावी शिकस्त का बदला लेने के चक्कर में भारत के विरुद्ध खड़ा है। इंडिया देट इज भारत संविधान की इस इबारत का साकार रूप ही इंडियन स्टेट है। संविधान की किताब लेकर घूमने वाले राहुल बताएं वे इस इंडियन स्टेट के विरुद्ध क्यों हैं?

### उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेले में दुकानों के लिए आवेदन 21 तक

**उज्जैन।** प्रदेश सरकार द्वारा गत वर्ष उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला उज्जैन में लगाया गया था। उसकी सफलता को देखते हुए इस वर्ष 26 फरवरी से 30 मार्च तक इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान की 11 हेक्टेयर भूमि पर व्यापार मेला लगेगा। ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तरीख 21 जनवरी है। निगमायुक्त आशीष पाठक ने बताया कि, व्यापार मेले के लिए नगर निगम द्वारा दुकानों के आवंटन हेतु निविदाएं जारी की गई हैं- 4 व्हीलर हेतु 1000 वर्ग फीट के 153 भूखंड, 2 व्हीलर हेतु 400 वर्ग फीट के 46 भूखंड, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री विक्रय हेतु 400 वर्ग फीट के 23 भूखंड, कार डेकोरेशन व्यवसाय हेतु 400 वर्गफीट के 14 भूखंड, खाद्य पदार्थों के विक्रय हेतु 400 वर्ग फीट के 25 भूखंड, बैंक हेतु 400 वर्गफीट के 12 भूखंड, झूला हेतु 14 भूखंड, सामान्य सामग्री विक्रय हेतु 81 वर्गफीट की 110 दुकानों को चिन्हित किया गया है।


# महाकाल मंदिर : बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा

## अनुमति कंफर्म होने पर उसी रात कर सकेंगे भस्मार्ती दर्शन

■ उज्जैन

यदि आप बाहर से उज्जैन महाकाल मंदिर में भस्मार्ती दर्शन करने आ रहे हैं और अगले दिन पुनः अपने गंतव्य पर जाना है, तो संभव है कि आपको भस्मार्ती दर्शन का पंजीयन उसी रात मिल जाए और आप भस्मार्ती में शामिल हो जाएं। इसके लिए आपको शाम 7 बजे के पूर्व महाकाल मंदिर पहुंचना होगा।

यह जानकारी देते हुए एडीएम सह प्रशासक अनुकूल जैन ने बताया कि, मंदिर पहुंचकर आप नंदी द्वार के समीप शाम 7 से 8 बजे के बीच भस्मार्ती पंजीयन आवेदन हेतु कतार में लग जाएं। यदि आप 300 लोग प्रतिदिन पंजीयन की सीमा में हैं, तो



आपको आवेदन मिल जाएगा। अब आप अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड की फोटोकॉपी, अपना फोटो आदि संलग्न करके आवश्यक जानकारी भर दें। पश्चात आप अपना भरा हुआ आवेदन खिड़की पर दे दें। आपको उसी रात भस्मार्ती दर्शन की अनुमति मिल जाएगी। आपको पंजीयन आवेदन जमा होने के बाद रात्रि 8 से 12 बजे तक खिड़की से पंजीयन अनुमति पत्र आदि मिल जाएंगे। अर्थात् शाम 7 बजे फार्म लेने के बाद आप महाकाल महालोक भी घुम सकते हैं। ताकि आपको भस्मार्ती पश्चात अपने गंतव्य पर निकलना है तो जा सकेंगे। वैसे भी महाकाल महालोक में शाम के समय लाइटिंग के चलते घुमने का अपना आनंद है। यदि कतार लम्बी हुई और आपके आगे कतारबद्ध लोगों को 300 की सीमा में अनुमति हो चुकी है, तो आपको अगले दिन की शाम 7 बजे के पूर्व पुनः कतार में लगना होगा।

# देशभक्तिका इतना अभाव?--



-जया शुक्ला

-----------------------------

न्यायपालिका, चुनावआयोग, पुलिस, ईडी, सीबीआई, इनकमटैक्स, मीडिया, आरएसएस; जब सब एकही व्यक्तिके लिए काम करनेलगें तब बनताहै इंडियन स्टेट। क्या राहुलगांधी और अपोजिशनके खिलाफ ये सारीसंस्थाएं काम नहीं कररहीहैं? क्या चुनावआयोगने उन सवालोंके जवाबदिए जो कांग्रेसने महाराष्ट्रके इलेक्शनपर उठाएथेय? 5 बजे केपास वोट परसेंटेज यकायक कैसे बढ़जाता है? कैसे काउंटिंग केदौरान ईवीएम 90 परसेंट चार्ज मिलतीहै वोटरलिस्ट क्योंनहीं दिखाया जारहा? मीरापुर और कुंदरकीमें क्यों प्रशासन एक समुदायके लोगोंको वोट नहीं डालनेदेता? इससे किसका फायदा होताहै जवाब नहींमिलता है।

क्या नरेंद्रमोदीकी डिग्री छुपाने केलिए दिल्ली यूनिवर्सिटी और गुजरात यूनिवर्सिटी कोर्टमें जनताके खिलाफ मुकदमा नहीं लड़रहे हैं वे बस एक डिग्रीको बचाना चाहरहे हैं। डिग्री किसकीहै, पीएम की; पीएम किसकेहैं, एक पार्टीके; तो डीयू और जीयू के वाइसचांसलर किसकेलिए काम कररहे हैं अगर स्टेट जैसी चीज नहींहोती तो येसब आपसमें मिलेहुए नहींहोते, और एकही व्यक्तिको डिफेंड नहीं कर रहे होते। मीडिया सवाल पूछता, और डीयू डिग्री मांगनेवाले को आरटीआई फाइल होतेही डाकसे भेज देता। लेकिन ऐसा नहीं होरहा है। न्यायपालिका का एक जज ओरलऑब्जर्वेशन देताहै और देशभरमें मस्जिदोंके अस्तित्वको चैलेंज किया जाने लगता है। गुजरातकी लोअरकोर्ट मानहानि के मामलेमें राहुलगांधी को ठीक 2 साल की सजा सुनातीहै ताकि संसदसदस्यता रद्द होजाए, और 24 घंटे के भीतर ऐसा हो जाता है। संसदके बाहर सांसदोंके बीच धक्कामुक्की का आरोप लगताहै तो लोकसभा स्पीकरको बायपास करते हुए बीजेपीके लोग पुलिसके पास केस दर्ज कराने पहुंच जाते हैं और केस दर्ज होजाता है। येहै स्टेट ! जो संसद को ठेंगा दिखा देता है। ओलंपिकमें देशका परचम लहरानेवाली बेटियां यौनउत्पीड़न का आरोप लगाती हैं तो आरोपीके खिलाफ कोईएक्शन नहीं होताहै। चैंपियन बेटियोंको बूटोंसे रौंदा जाता है। येहै स्टेट! किसानोंके लिये एक सत्तर सालका बुजुर्ग 50 दिनसे आमरणअनशन पर बैठाहै, उसकी मांगपर सत्ताधारी लोग ध्यान तक नहीं देतहैं, उन्हें फर्कही नहीं पड़ताहै कि कोई मररहा है; कोई हक मांगरहा है। राहुलगांधी कहतेहैं कि हमारे सामने इंडियनस्टेट खड़ाहै तो लोगोंको बुरा लग जाताहै। पर सच्चाई तो यही है।

# आरएसएस प्रमुख का बयान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले लाखों भारतीयों के बलिदान का अपमान- कांग्रेस

## भागवत का बयान आरएसएस-भाजपा की संविधान के प्रति दुर्भावना को दिखाता है- खेड़ा

**>>> राहुल गांधी के बयान को भाजपा-आरएसएस द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश करने की भी कांग्रेस ने की कड़ी निंदा**



**नई दिल्ली।** 16 जनवरी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आजादी वाले बयान पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और पवन खेड़ा ने कहा कि आरएसएस प्रमुख का बयान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले लाखों भारतीयों के बलिदान का अपमान है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस मीडिया और प्रचार (संचार विभाग) के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के दौरान दिए गए बयान को भाजपा-आरएसएस द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश करने की भी कड़ी निंदा की। पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान आया कि देश को आजादी राम मंदिर निर्माण के बाद मिली। यह दिखाता है कि आरएसएस-भाजपा संविधान को नहीं मानते हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि अगर ये बात किसी और देश में कही गई होती तो केस दर्ज कर मोहन भागवत को गिरफ्तार कर लिया जाता। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहन भागवत और उनके संगठन के लोग संविधान के बारे में समय-समय पर बयान देते रहे हैं। भाजपा के सांसदों ने भी कहा था वे संविधान बदल देंगे, जिससे स्पष्ट होता है कि वे संविधान को नहीं मानते हैं।

# केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : डा. वीरेंद्र कुमार

नई दिल्ली, जनवरी : जयपुर के जामडोली में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए समेकित कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) के नए भवन का शिलान्यास और अस्थायी परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा और उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से देश को आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृष्टि को दोहराते हुए कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। डा. वीरेंद्र कुमार ने 22 दिव्य कला मेलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये मेले दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों और डिग्री कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिसके लिए हॉस्टल निर्माण हेतु राजस्थान सरकार से अतिरिक्त भूमि की मांग की गई है। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सीआरसी दिव्यांगजनों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केंद्र पुनर्वास सेवाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी, जैसे कुलदीप रांका, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन ने प्रषस्ती पत्र वितरित किये



**नई दिल्ली।** 16 जनवरी 2025 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने आयोग की मुस्लिम एडवायजरी पैनल के सदस्य मो. रियाज की टीम के सदस्य हाफिज मो. आदिल, मो. मुजाहिद खान, भूषण कुमार जैन इन सभी सदस्यों को आयोग के द्वारा समाज की निःस्वार्थ सेवा करने पर आयोग के सौजन्य से प्रषस्ती पत्र देकर सम्मानित करते हुए चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा समाज की निःस्वार्थ सेवा करने पर आयोग के सौजन्य से सम्मानित किया जाता है जो किसी भी क्षेत्र में समाज की सेवा करें अन्त में मो. रियाज ने कहा इससे पहले, चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने हमारी टीम के 20 सदस्यों को प्रषस्ती पत्र देकर सम्मानित किया था जिस से इन सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ा है। यह सभी सदस्य भविष्य मे इसी प्रकार समाज की निःस्वार्थ सेवा करते रहेंगे।

# देश की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल हुई शुरू

गुरुग्राम, जनवरी : गुरुग्राम स्थित ब्रांड पावरसूत्रा की शुरुआत 2021 में डॉ. पूजा मल्होत्रा ने की थी, जो महिलाओं के लिए हर साइज में बेहतरीन फिटिंग वाले परिधानों का संग्रह पेश करता है। यह विचार उनकी उस चुनौती से उपजा, जब उन्होंने अपनी कॉन्फ्रैंस के लिए सही फिटिंग वाले फॉर्मल वेयर की तलाश की। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर अमेजन ने पावरसूत्रा जैसे ब्रांड का जश्न मनाया, जो हर आकार की महिलाओं को आत्मविश्वास और सशक्त महसूस कराने का उद्देश्य रखता है। फैशन उद्योग की पृष्ठभूमि न होने के बावजूद डॉ. मल्होत्रा ने आपूर्ति श्रृंखला और वित्तीय प्रबंधन जैसी चुनौतियों का सामना किया। अमेजन सहेली कार्यक्रम से जुड़ने के बाद पावरसूत्रा को न केवल भारत में बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी पहुंच मिली। यह ब्रांड रिसाइकिल योग्य पैकेजिंग और ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से टिकाऊ प्रथाओं पर जोर देता है

# पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए हर विभाग को तैयार करनी होगी योजना : विरेन्द्र कुमार



## ■ कुरुक्षेत्र के 7 ब्लॉक पहुंचे डार्क जोन में

कुरुक्षेत्र, जनवरी : जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र कुमार ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए हर विभाग को मास्टर प्लान तैयार करना होगा। इस प्लान के अनुसार पानी को बचाने के साथ-साथ आमजन को पानी बचाने के प्रति जागरूक करना होगा। इतना ही नहीं प्रत्येक सरकारी विभाग को अपने सरकारी भवनों पर रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करने का जल्द से जल्द प्रयास करना होगा सीईओ जिला परिषद विरेन्द्र कुमार बुधवार को जिला परिषद कार्यालय में जल संचय जन भागीदारी विषय को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र कुमार ने सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, डीडीपीओ, एचएसवीपी, डीआईपीआरओ, कृषि विज्ञान केन्द्र, जन स्वास्थ्य, पंचायती राज, मिकाडा, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जिला नगर योजनाकार, बागवानी, एमएसएमई, नगर परिषद व नगर पालिका, नेहरू युवा केन्द्र, एचएसआरएलएम व मनरेगा विभागों के अधिकारियों से जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यो की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की और पोर्टल पर अपडेट किए गए डाटा के बारे फीडबैक ली है।

सीईओ विरेन्द्र कुमार ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में भू जल स्तर में सुधार लाने के लिए जन आंदोलन के रूप में कार्य करना होगा। इस अभियान के साथ आमजन को जोड़ना होगा और पानी की एक-एक बूंद बचाने के प्रति जागरूक करना होगा। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने कड़ा संज्ञान लिया है और अधिकारियों को सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के आदेश दिए है। इस मौके पर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मनीष बब्बर, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, लेखा अधिकारी सत्य भूषण, नेहरू युवा केन्द्र की परियोजना अधिकारी रेनू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केयू आईआईएचएस परिवार ने कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल का किया स्वागत

कुरुक्षेत्र, जनवरी : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल का इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटेड एंड आनर्स स्टडीज में पहुंचने पर शिक्षक संकाय सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। नव नियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि आईआईएचएस परिवार के लिए यह गौरव का पल है कि हमारे बीच में से ही हमारा शिक्षक साथी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर नियुक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्थान एवं विश्वविद्यालय के विकास के लिए वे भरपूर सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले हैं। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक संकाय सचिव डॉ. संतोष दुबे ने की ओर किया गया। प्रो. अनिता दुआ ने कहा कि डॉ. वीरेन्द्र पाल बहुत मेहनती एवं अनुशासित शिक्षक है। डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि संस्थान के लिए डॉ. वीरेन्द्र पाल का कुलसचिव बनना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतोष दुबे ने सभी शिक्षक साथियों सहित डॉ. वीरेन्द्र पाल का संस्थान में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ एवं पुष्प मालाओं द्वारा हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर हिन्दी विभागाध्यक्ष आईआईएचएस प्रो. महा सिंह पूनिया, डॉ. पूनम, डॉ. अनिता दुआ, कुटा अध्यक्ष प्रो. दलीप कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर, कुटा सचिव डॉ. राजपाल सहित सभी शिक्षक साथियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका संस्थान में कुलसचिव बनने पर पहली बार पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सतीश, डॉ. संजय, डॉ. विजय, डॉ. विनीत, डॉ. हरिओम फुलिया, डॉ. आनन्द, डॉ. वंदना, डॉ. दिविज गुगनानी सहित सभी अनुबंधित शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतोष दुबे ने सभी शिक्षक साथियों एवं कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल का आभार व्यक्त किया।

# विश्व समुद्र ग्रुप ने की नई नेतृत्व टीम की घोषणा, शिक्षा और ग्रामीण विकास में योगदान

नई दिल्ली, जनवरी : उद्योग समूह विश्व समुद्र ग्रुप ने अपने प्रमोटर चेयरमैन चिंता शशिधर के नेतृत्व में शिवदत्त दास को प्रबंध निदेशक (एमडी) और लक्ष्मी प्रियदर्शिनी चिंता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। ये नियुक्तियां समूह के संचालन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए की गई हैं। विश्व समुद्र ग्रुप, जो इंजीनियरिंग, मरीन, एवियेशन और विनिर्माण में सक्रिय है, ने हाल ही में एबीपी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव में सबसे नवीन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का पुरस्कार जीता। शिवदत्त दास, जिन्होंने पहले ग्रुप के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया, अब नेतृत्व संभालेंगे। विविध अनुभव रखने वाले शिवदत्त ने फिक्की के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और स्टार्टअप निवेशक के रूप में भी योगदान दिया है। सुश्री लक्ष्मी प्रियदर्शिनी, एक गणित विशेषज्ञ और सीएसआर पहलों की प्रमुख, ग्रुप की स्थिरता और समावेशिता को बढ़ावा देती हैं। उनके नेतृत्व में समूह की परोपकार शाखा, चिंता शशिधर फाउंडेशन, आयुर्वेद, वंचित बच्चों की शिक्षा और बैलों की अर्थव्यवस्था में अद्वितीय कार्य कर रहा है।

# एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए नशीले पदार्थों को किया नष्ट

पिहोवा, जनवरी : नशीली वस्तु अधिनियम के तहत पुलिस विभाग द्वारा जब्त किये गये नशीले पदार्थो को बाखली पेपर मिल पिहोवा में नष्ट किया गया। पुलिस विभाग द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर नशे के कारोबार करने वाले लोगों पर कार्यवाही करते हुए उनसे नशीले पदार्थ जब्त किये जाते है। नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामले दर्ज करके नशा तस्करों के कब्जे से नशीले पदार्थो को जब्त किया जाता है। जब्त शुद्धा नशीले पदार्थो को एक कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाता है। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र, यमुनानगर जिला द्वारा दर्ज किये गये 387 मामलों में जब्त किए गए चूरापोस्त, स्मैक, गांजा, सुल्फा, हैरोईन, चरस, गांजा व नशीली दवाईयों को बाखली पेपर मिल पिहोवा में नष्ट किया गया।

# श्री अग्रवाल सभा महिला विंग ने नए वर्ष के कार्यकाल की शुरुआत बुजुर्गों की सेवा करकर की

## महिला विंग द्वारा समाज के भलाई के लिए अनेकों काम किये जाएंगे: बंसल



लाडवा के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ श्री अग्रवाल सभा महिला विंग की महिलाएं। (डिम्पी)

लाडवा, जनवरी : लाडवा के बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम में श्री अग्रवाल सभा महिला विंग द्वारा अपने नए वर्ष की शुरूआत नए प्रधान के साथ बुजुर्गों की सेवा में उन्हें खाना खिलाकर की गई।

महिला विंग की प्रधान वीणा बंसल ने बताया कि एक वर्ष के लिए उनका कार्यकाल विंग के प्रति शुरू हो गया है व पूरे एक वर्ष में महिला विंग की ओर से समाज के भलाई के लिए अनेकों काम किये जाएंगे। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों की भी पहले की तरह महिला विंग सेवा करने व उनकी जरूरत का पूरा करने का प्रयास करते रहेगी। इस कड़ी में बुधवार को महिला विंग की ओर से वृद्धाश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों के साथ पहले सत्संग किया उसके बाद उनका भोजन करवाया व उनकी सेवा की। वहीं बुजुर्गों को मिठाई व फल भी वितरित किये गए। वहीं वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि महिला विंग द्वारा जो यह है अपने नए वर्ष का कार्यकाल जो बुजुर्गों की सेवा कर शुरू किया गया है यह बहुत ही एक स्थानीय कार्य है। मौके पर उषा गोयल, निर्मल गर्ग, राकेश गर्ग, रंजन गोयल, मोनिका अग्रवाल, नीला गर्ग, अश्विनी गर्ग, शोभा गोयल, कांता बंसल, उर्मिल, राजदुलारी, श्वेता, शशि, रुचि गोयल, सोनिया, शिक्षा, अंजना, मोनिका, सुमन, दीप्ति, नेहा, शशि आदि मौजूद थे।

# गुलजारी लाल नंदा एक महान राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद व अर्थशास्त्री थे : डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र



थानेसर, जनवरी : गुलजारी लाल नंदा एक महान राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद व अर्थशास्त्री थे। जिन्होंने भारत की राजनीती को करीब से देखा था, साथ ही इन्होने देश के बुरे दौर में देश की कमान अपने हाथों में लेकर देश को बिखरने नहीं दिया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नंदा जी ने असीम योगदान दिया। वह राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे।1921 में नंदा जी ने महात्मा गाँधी जी के नेतृत्व में असहयोग आन्दोलन में भाग लिया था। यह विचार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के तत्वावधान में आश्रम परिसर में आयोजित सदाचार संवाद में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुलजारी लाल नंदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

# दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बादली से नामांकन दाखिल किया

## केजरीवाल पर निशाना साधा

**दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख और बादली विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र यादव ने बुधवार को पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 46.85 करोड़ रुपये घोषित की है। यादव के पास 3.37 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें चार कारें और 15.36 लाख रुपये से अधिक की नकदी शामिल है। उनकी पत्नी के पास 2.05 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 1,250 ग्राम सोना शामिल है। उन पर 1.81 करोड़ रुपये की देनदारियां हैं। यादव की कुल अचल संपत्ति 41.42 करोड़ रुपये है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उनकी आय 70.47 लाख रुपये थी, जबकि इसी अवधि के दौरान उनकी पत्नी की आय 25.24 लाख रुपये थी। यादव पर एक आपराधिक मामला लंबित है। वर्ष 2020 में उनके पास 34.71 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति थी और उनकी पत्नी के पास एक करोड़ रुपये की अचल संपत्ति थी। पिछले नामांकन के समय यादव के पास 4.94 करोड़ रुपये की चल संपत्ति थी, जबकि उनकी पत्नी के पास 1.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति थी। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस की चुनावी गारंटियों से डर गए हैं और इसलिए उन्होंने हरि नगर और नरेला विधानसभा क्षेत्रों से आप के उम्मीदवार बदल दिए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक ढोंगी हैं जो लोगों को गुमराह करने के लिए बड़े साइज की शर्ट और टूटी चप्पल पहनते हैं।

# बच्चों को गुरमत व गुरबाणी से जोड़ने के लिए हरियाणा कमेटी ने उठाए सार्थक कदम : रविंदर कौर



संत बाबा गुरविंदर सिंह मांडी साहिब वालों से आशीर्वाद प्राप्त करती बीबी रविंदर कौर अजराना।

कुरुक्षेत्र, जनवरी : थानेसर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चुनाव मैदान में उतरी बीबी रविंदर कौर अजराना ने उदासीन ब्रह्म अखाड़ा मांडी साहिब के संचालक संत बाबा गुरविंदर सिंह से बुधवार को जीत का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सबसे पहले मांडी साहिब में बने श्री गुरुद्वारा साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और फिर संचालक बाबा गुरविंदर सिंह से मिलने पहुंची। इस दौरान उनके पति कवलजीत सिंह अजराना, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मैंबर सर्वजीत सिंह विर्क, नरेंद्र सिंह गिल, सरपंच गुरदेव सिंह, बलकार सिंह प्रधान, जुझार सिंह, दिलबाग सिंह, परमजीत सिंह वडैच, सतनाम सिंह, जशनदीप सिंह, संदीप सिंह गिल, दरबारा सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। इसके उपरांत बीबी अजराना ने गांव अजराना खुर्द, सलपानी, गोगपुर, हिंगाखेड़ी, हंसाला, धुराला समेत अन्य क्षेत्रों में घर-घर जा कर छतरी का बटन दबा कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। संगत को हरियाणा कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बीबी अजराना ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने बच्चों को गुरमत व गुरबाणी से जोड़ने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। इसके अलावा प्रशिक्षण शिविर भी लगाए गए, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहिब सिंह समेत सिख पंथ के महान विद्वानों एवं हरियाणा कमेटी के प्रचारकों ने हजारों स्कूली विद्यार्थियों को गुरमत ज्ञान दिया। यही नहीं, प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को शुद्ध गुरबाणी पढ़ने, नितनेम करने और गौरवमयी सिख इतिहास की जानकारी भी दी गई। यही सिलसिला भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने संगत से अपील की कि हरियाणा कमेटी द्वारा किए गए जा कार्यो का अपने दिमाग में रख कर वोट करें। उन्होंने संगत को पूर्ण रूप से आश्वासत किया कि एक बार फिर से सेवा का मौका मिलने पर वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे।

# आने वाले समय में युद्ध अधिक हिंसक, अप्रत्याशित हो जाएंगे: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और उनका आतंकवाद का सहारा लेना चिंता का विषय है। यहां 77 वें सेना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही, साथ ही उन्होंने कहा कि बदलती भू-राजनीतिक विश्व व्यवस्था और युद्ध के लगातार बदलते चरित्र को ध्यान में रखना होगा। सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में संघर्ष व युद्ध और अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। (युद्ध में) गैर परंपरागत और विषम तरीके धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और आतंकवाद का सहारा लेना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि साथ ही, तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण भविष्य के युद्ध में काफी हद तक बदलाव देखने को मिलेगा। सिंह ने कहा कि साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, इसके साथ-साथ, विमर्श का युद्ध भी पूरी दुनिया में लड़ा जा रहा है। सेना को इन बहुस्तरीय चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। सिंह ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि वह पुणे की वीर भूमि, छत्रपति शिवाजी की भूमि और बाल गंगाधर तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि शांति कायम करने के लिए ताकत जरूरी है। सिंह ने यह भी कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली, मजबूत सेना और सुरक्षित सीमाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

## समाचार

# हजरत गुफरनमाब की याद में मजलिस



**लखनऊ।** 16 जनवरी 2025 दिलदार अली गुफरान मोआब फाउंडेशन के तत्वाधान में मुजद्दिद शरीयत हजरत गुफरान मोआब, जिन्होंने उपमहाद्वीप में शिया धर्म को उसके सर्वोत्तम रूप में प्रस्तुत किया और लोगों को हजरत इमाम हुसैन अ0स0 की अजादारी से परिचित कराया और विलायत अमीरुल मोमिनीन (अ0स0) से लोगों से अवगत कराया तथा 13 रजब 1200 हिजरी को उन्होंने पहली सामूहिक नमाज की स्थापना की और 27 रजब 1200 हिजरी को उन्होंने पहली नमाजे जुमा की स्थापना की। मोहसिन कौम वा मिल्लत की मृत्यु 19 रजब 1235 हिजरी को हुई, इसलिए, उनकी मृत्यु की रात, 19 जनवरी 2025, रविवार को, 7:30 बजे, गुफान माआब की याद मे मजलिसे देसा का आयोजन किया गया है। इमाम बाड़ा जन्नत मआब सैयद तकी साहब, अकबरी गेट, लखनऊ। मजलिस को संभोदित करेंगें मौलाना मुसतफा अली खां साहब।

## ट्रैक्टर, बाइक की भिड़ंत में तीन घायल



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए तहसील क्षेत्र के गांव शकर गढी निवासी हारून और हसीन तारीख करने के लिए अमरोहा जा रहे थे जैसे ही हसनपुर से निकले तो पीठ खेड़ा चौराहे के निकट ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई और साले बहन हुई घायल हो गए तथा घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया और उनका उपचार किया गया, पुलिस को सूचना मिली तो क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र यादव भी घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, वही ट्रैक्टर एवं बाइक को कोतवाली में लाकर खड़ा कर दिया मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी।

## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन हसनपुर एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपा, 6 सूत्रीय मांगों में प्रमुख मांगे निम्न रही, विद्युत मीटर रीडरो द्वारा घरेलू अत्यधिक बिल निकाले जा रहे है जिन पर कार्यवाही की जाए, तथा क्षेत्र में आवारा हिंसक सांडों को पकड़वाकर गौशाला भिजवाए जाए, प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य शीघ्र अति शीघ्र 450 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए, वही लेखपालों द्वारा किसानों की फर्दों मैं अंश बटवारा गलत दशार्या गया है तथा सही करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिसे रोका जाए, वही ग्राम मिजार्पुर डूंगर में एक्सप्रेस वे के अंडरपास की गहराई अत्यधिक है जिस में मिट्टी डलवाकर ऊंची किया जाए एवं आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड में से अनेको लोगों के यूनिट कम कर दिए गए हैं जिन्हें फिर से दर्ज कराकर एवं नए राशन कार्ड भी बनाए जाएं, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, ओमवीर सिंह, यसवीर सिंह, जयप्रकाश शर्मा, कवेंद्र सिंह, आलोक चौहान, सुखदेव शर्मा, चौधरी कर्मेंद्र सिंह आदि सहित दर्जनों संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद ने टीबी मरीज को दिया निक्षय पोटली, मरीज को लिया गोद

**बस्ती गौर।** टीबी से संबंधित लक्षण हो तो तत्काल सूचना दें या सीएचसी गौर पर जांच करायें - 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने टीबी रोगी को गोद लिया है प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद ने बताया कि निक्षय पोटली में मुगफली, भूना चना, गुड, सत्तू, तिल या गजक, बोर्नबीटा उपलब्ध है, इसके सेवन से टीबी रोगियों को काफी सहूलियत मिलेंगी। उन्होने बताया कि खासी, बुखार, रात में पसीना आना, मुह से खून आना, वजन कम होना, भूख ना लगना, गर्दन में गिल्टी/गॉठ, बाझपन आदि टीबी के मुख्य लक्षण है। उक्त लक्षण वाले व्यक्ति तत्काल स्क्रिनिंग/जॉच करायें। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी उक्त लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर स्क्रिनिंग करायी जा रही है। प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद ने समस्त ग्राम वासियों से अपील किया कि ग्राम पंचायत में यदि किसी भी महिला पुरुष अथवा बच्चों को टीबी रोग से संबंधित लक्षण महसूस हो तो तत्काल सूचना दें या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पर जाकर जांच करायें ताकि टीबी रोग पर काबू पाया जा सके ।प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में समस्त ग्राम पंचायत वासियों को हर संभव मदद कराया जा रहा है ।

## गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने किया गौशाला का अचौक निरीक्षण, कंटीले तार हटाने का दिए निर्देश



**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती, उत्तर प्रदेश।** गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) महेश शुक्ला ने बृहस्पतिवार को बस्ती जनपद के उदवतपुर ग्राम पंचायत भैंसहा स्थित गौशाला का अचौक निरीक्षण किया। सूचना मिलते ही बीडीओ परशुरामपुर विनोद कुमार सिंह और अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महेश शुक्ला ने पाया कि गौशाला में सारी व्यवस्थाएं सही हैं और यहां के कर्मचारियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। महेश शुक्ला ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरा उद्देश्य यह है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि गोसंरक्षण को प्राथमिकता दी जाए और किसानों को समृद्ध बनाया जाए। किसान, गोवंश और खेत तीनों हमारे हैं, और सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य गौपालन के माध्यम से किसानों को समृद्ध बनाना है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं, जिसके लिए उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने एक अव्यवस्था भी पाई, जिसमें किसान अपनी खेतों के आसपास कंटीले तार लगा रखे है, जो शासन और कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित है। इस पर उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन के मदद से यह कंटीले तार जल्द हटाए जाएं। महेश शुक्ला ने किसानों से अपील करते हुए कहा, कृषि कार्य के साथ-साथ गोवंश का संवेदनशीलता के साथ संरक्षण जरूरी है। यदि हम गोवंश का सही तरीके से पालन करेंगे, तो न केवल किसानों की समृद्धि होगी, बल्कि हमारे देश की संस्कृति का भी सम्मान बढ़ेगा और यह अन्य देशों में भी आदर्श बनेगा।

# समाजसेवी स्वतंत्र पत्रकार तेजवीर सिंह अलुना ने की सुरक्षा की मांग

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** गुरुवार को गजरौला निवासी पैरामिलिट्री फोर्स से रिटायर्ड और समाजसेवी स्वतंत्र पत्रकार तेजवीर सिंह अलुना ने पुलिस कप्तान अमरोहा अमित कुमार आनंद आईपीएस से मिलकर अमरोहा के पुलिस कप्तान बनने पर शुभकामनाएं दी एवं अपने लिए सुरक्षा की मांग की, तेजवीर सिंह अलुना ने पुलिस अधीक्षक अमरोहा को लिखित पत्र सौंपते हुए बताया कि प्रार्थी कई वर्षों से लगातार पुलिस प्रशासन के सहयोग से भ्रष्टाचार और गलत कार्य करने वालों के खिलाफ लगातार मुहिम चलाए हुए हैं, जिसके कारण बहुत सारे लोग प्रार्थी के दुश्मन बन गए हैं प्रार्थी ने कई वर्षों पहले शकरपुर में



अवैध रूप से बसे घुसपैठियों को पुलिस प्रशासन की मदद से खदेड़ा था जो आए दिन क्षेत्र में आपराधिक वारदातों में लिप्त थे एवं गंगा पार चरवाह की जमीन जो भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखी थी उसको भी प्रार्थी ने पुलिस प्रशासन की सहयोग से खाली कराया था,प्रार्थी ने गजरौला के प्रदूषण की मांग कई वर्षों उठाई थी, जिस पर काफी हद तक रोक लग चुकी है,प्रार्थी आए दिन सामाजिक मुद्दे की लड़ाई लड़ता है, इसी कारण प्रार्थी के बहुत सारे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग दुश्मन बने हुए हैं प्रार्थी को कई बार विदेश के हिडन नंबर से भी धमकी मिली है, प्रार्थी ने पहले भी पुलिस अधीक्षक को अपनी सुरक्षा के लिए लिखित पत्र सोपा था एवं लोकल इंटेलीजेंस यूनिट ने भी प्रार्थी को सुरक्षा देने की मांग की थी,,लेकिन आज तक प्रार्थी को सुरक्षा नहीं मिली है प्रार्थी बिना किसी शुल्क के एक जिम्मेवार नागरिक होने के नाते पुलिस प्रशासन सरकार से अपनी सुरक्षा चाहता है, इसलिए प्रार्थी को सुरक्षा दी जाए, अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद (आईपीएस)ने पत्र अग्रेषित करके उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, यह जानकारी तेजवीर सिंह अलूना द्वारा दी गई ।

# चिरंजीलाल कॉलेज आफ एजूकेशन डगरोली मे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली में तीन दिवसीय सेवा योजना शिविरो के क्रम मे गुरुवार को प्रथम शिविर का उद्घाटन संस्थान निदेशक पुनीत अग्रवाल और ग्राम प्रधान रानी देवी ने संयुक्त रूप से किया। स्थानीय गोद लिए गांव डगरोली मे आयोजित शिविर मे मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। इस मौके पर निदेशक पुनीत अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और साहित्य मे समाजसेवा के अनेक सकारात्मक सार्थक और प्रासंगिक उदाहरण मिलते है जहा शिष्य ने अपने निजत्व को दाव पर लगाते हुए गुरू परिवार समाज और देश की दुर्लभतम सेवाए की। एकलव्य, अश्विनी कुमार, नचिकेता, गुरूगोविन्द सिह के पुत्र आदि जैसे वीर बच्चो किशोरो से इतिहास भरा पडा है। वर्तमान मे भी ऐसे ही संस्कारित बच्चो किशोरो एवं युवाओ की प्रासंगिकता है। हमे अपने शिक्षा और कैरियर के साथ समाज सेवा के संस्कारो पर चर्चा एवं अमल करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसके महत्व के मद्देनजर विद्यार्थी परिषद का गठन किया है जो दैनिक चर्या के अलावा सामाजिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रसंगो पर साहसिक कार्य करते है जैसे बाढ, सूखा, मार्ग दुर्घटनाओ आदि के समय त्वरित सामूहिक सहयोग करते है, अतः हमे भी अपने आसपास संभावित एवं अपेक्षित जगहो पर मानवीय एवं प्राणिक सहायतार्थ तत्पर रहना चाहिए। इस प्रकार के कार्यो मे पहले पहले संकोच लग सकता है, परंतु हमेशा हमेशा के लिए आत्मिक आनंद रहता है। वही विद्यालय के द्वारा विद्यालय में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर खिचड़ी प्रसाद हेतु कॉलेज पर सभी को आमंत्रित किया। इस मौके पर प्रधान रानी देवी ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए शुभकामनाए दी। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ की प्रथक टीम बनाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शारीरिक प्रमुख अजयपाल सिह ने अभ्यास कराया ।बौद्धिक कार्यक्रम मे श्यामलाल ने वर्तमान शैक्षिक चिन्तन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, विनोद गुप्ता, मनोज शर्मा, कुन्ती, नेहा आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा में मची है लूट जितना लूट सको लूट लो, जब कागज मैं ही दिखाना है काम

### मनरेगा में भ्रष्टाचार जारी रोजाना की तरह 16 जनवरी को भी लगा 188 फर्जी हाजरी

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती कप्तानगंज।** मनरेगा उपायुक्त व बीडीओ ने बताया की भ्रष्टाचारियों पर रख होगी कार्रवाई अब देखना है की होगी कार्रवाई या जांच फाइलों दम तोड देगी प्रधान ने मीडिया से फोन पर बात करते हुए कहा कल होगा काम देख लिजिए गा आखिर पूर्व में लगे हाजरी खाली कागजों में भ्रष्टाचारी खुद खोल रहे हैं पोल बस्ती विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत सडवलिया में 10 जनवरी 2025 से रोजाना लग रहा है फर्जी हाजिरी रोजाना की तरह 16 जनवरी को भी लगे फर्जी कागजों में 188 मजदूर की हाजिरी परियोजना राधे श्याम बु नीले के खेत हरिराम के चक तक बंधा निर्माण कार्य में रोजाना अधिकारी के घर जाने के बाद 4:30 शाम के बाद अनीता के आइडी से रोजाना की तरह आज भी लगे 188 मजदूरो? फर्जी हाजिरी रोजाना के कुल करीबन 273000 का लग रहा फर्जी हाजरी? मौके पर मजदूर व कार्य शून्य मजदूरों के हक पर डाल रहे हैं डांका प्रधान व सचिव रोजगार सेवक भ्रष्टाचार में है माहिर । भ्रष्टाचार की पोल ग्राम प्रधान ने मीडिया




टीम से बात करने पर बताया कल होगा काम आके देख लिजिए गा भ्रष्टाचार करने वाले खुद बता रहे हैं की काम कल होगा आखिर 10 जनवरी से क्यूं लग रहा है फर्जी हाजिरी बना बड़ा सवाल ? क्या किसी के इसारे पर करया जा रहा है भ्रष्टाचार या अनदेखा किया जा रहा है ग्राम पंचायत सडवलिया के भ्रष्टाचार को विना मजदूरों वाला फोटो लगाकर खुद दे रहे भ्रष्टाचार की नैवता अगर पूरी फोटो खांगल ली जाए तो लगे हुए ग्राम पंचायत में 188 मजदूरों की नहीं मिलेंगे फोटो इतना व्यापक रूप से कर रहे भ्रष्टाचार प्रधान सचिव रोजगार सेवकों पर कार्रवाई न होना बना चर्चा का विषय । कई खबरों को डीसी मनरेगा में संज्ञा लेते हुए नोटिस जारी किया है लेकिन भ्रष्टाचार करने वाले को नहीं लगता है कोई डर मनरेगा 100 दिन गारंटी योजना की सरकार कर रही है दावा धरातल प्रधान सचिव रोजगार सेवक ने मनरेगा में लूट मचाई है मनरेगा उपायुक्त व बीडीओ ने फोन द्वारा बताया आप ने दी है जानकारी तो करूंगा कड़ी कार्रवाई अब देखना यह भ्रष्टाचार करने वाले पर होगी कार्रवाई या जांच फाइलों दम तोड देगी।

## भगवान शिव जी विश्वास और माँ पार्वती श्रद्धा का स्वरूप हैं- योगेश


**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत।** बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम नवदिया बालजीत में दुर्गा देवी मंदिर परिसर पर चल रही सप्त दिवसीय श्री राम कथा के द्वितीय दिवस तिलहर शाहजहांपुर से पधारे कथा व्यास योगेश दीक्षित महाराज ने बताया कि श्री रामकथा अतीत की घटनाओं पर आधारित वर्तमान का दर्पण है ।जीवन जीने की कला श्री रामकथा सिखाती है। श्री रामकथा का प्रारंभ शंकर और पार्वती के मिलन से होता है ।शंकर जी विश्वास और पार्वती श्रद्धा का स्वरूप हैं और वही कैलाश पर्वत ज्ञान,वट वृक्ष विश्वास का प्रतीक है। पार्वती के अनुनय करने पर शंकर जी ने पार्वती को राम कथा के स्वरूप के बारे में बताया तत्पश्चात कहा परमात्मा का अवतार कल्प कल्प में होता है। पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में चार कल्पों की मिली जुली कथा का वर्णन किया है। प्रथम कल्प में जय और विजय,द्वितीय कल्प में प्रताप भानु तृतीय कल्प में रुद्रगण और चौथे कप में जालंधर रावण बना। ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करने के बाद रावण कुंभकरण ने घोर अत्याचार किया। देवताओं और संत महात्माओं ने मिलकर भगवान की प्रार्थना की तत्पश्चात आकाशवाणी के द्वारा भगवान ने आश्वासन दिया कि मैं निशाचारों के संघार हेतु अवतार लूंगा। इस अवसर पर पप्पू सिंह, महेश सिंह,गौरव सिंह,कृष ठाकुर तरुण सिंह, द्रगपाल सिंह, सुरजीत सिंह आदि श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

## ठंड में खुले आसमान में न सोए कोई: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने किए काल भैरव व काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन





**वाराणसी, 16 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार की शाम कैंट स्टेशन एवं टाउनहॉल पर बनाये गये शेल्टर होम का निरीक्षण किया। उन्होंने शेल्टर होम में अलाव जलवाने के साथ ही वहां पर रहने वालों के लिए शौचालय, साफ-सफाई के साथ ही बिस्तर व कम्बल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया।

**मुख्यमंत्री ने पूछा कुशलक्षेम**

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि ठंडी के दौरान खुले आसमान कोई भी सड़क किनारे न सोए। ऐसे निराश्रित लोगों को शेल्टर हाउस में रहने की व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान उन्होंने शेल्टर हाउस में रहने वालों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए कोई कमी न होने के बाबत भी जानकारी ली। लोगों ने समुचित व्यवस्था होने पर प्रसन्नता जाहिर की।

**सीएम ने काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव का किया दर्शन-पूजन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री कालभैरव मंदिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में उन्होंने निर्देशित किया कि मंदिर में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए कि महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को दर्शन पूजन के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।

## खुशखबरी: विधायक बाबूराम की पहल पर शारदा के कटान को रोकने के लिए चार परियोजनाएं मंजूर।


>>> 931 लाख से अधिक चारों परियोजनाओं को कैबिनेट ने दी मंजूरी।
>>> एक दर्जन से अधिक गांव को शारदा नदी के कटान से मिलेगी निजात

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत पूरनपुर।** शारदा नदी के दाएं किनारे बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजार, राहुल नगर, मजदूर बस्ती, खिरकिया बरगदिया आदि ग्रामों को कटान से रोकने के लिए भाजपा विधायक की पहल पर 931 लाख रुपए की चार परियोजनाएं कैबिनेट की बैठक में जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंजूरी दे दी है। इन चारों परियोजनाओं से बाढ़ प्रभावित गांव को बाढ़ के कटान से निजात मिलेगी। बरसों की आज के बाद शारदा नदी के दाएं किनारे बसे एक दर्जन से अधिक गांव को कटान से रोकने के लिए बड़ी राहत मिलेगी। जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान काफी समय से किए गए प्रयास रंग लाया है और यह भी बता दें कि पूर्व के तात्कालिक शारदा नदी में बरसात से बाढ़ आई थी जिस पर विधायक के बुलावे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ का दौरा चंदिया के आदि क्षेत्रों में किया था और मुख्यमंत्री ने शारदा नदी के कटान पीड़ितों से निजात दिलाने का बड़ा ऐलान भी किया था , उसके बाद क्षेत्रीय विधायक प्रयासरत रहे और जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर कई बार शारदा नदी के कटान से प्रभावित गांवों को निजात दिलाने के लिए चर्चा भी की। जिस पर 931 लाख से अधिक चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है। जिसमें विधायक ने बताया कि शारदा नदी के दाएं किनारे पर स्थित खिड़कियां बरगदिया, ध्रुव कॉलोनी, एवीएन ग्रांट नंबर 21 आदि गांवों को बचाने के लिए 221.11 लाख, रामनगर क्षेत्र में मार्जिनल बांध के स्पर संख्या 18, 19, 20 एवं 21 के मध्य काटन को रोकने के लिए 93.9 लाख, और 8000 से अधिक आबादी के गांव चंदिया जा रहा में डाउनस्ट्रीम के तहत 310. 50 लाख सहित राहुल नगर मजदूर बस्ती एवं कॉलोनी नंबर 6 आदि गांवों को कटान से बचने के लिए 307.07 लाख की परियोजना मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि जिससे हमारे विधानसभा चारों परियोजनाओं को जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की स्वीकृति पर मिली है। जिनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और इस परियोजना से शारदा नदी से वर्षा ऋतु में कटान की स्थिति रहती है उसको रोकने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

## महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाय उच्च स्तरीय बुनियादी व्यवस्था: मुख्यमंत्री



**वाराणसी, 16 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शीत लहर को देखते हुए श्रद्धालुओं के रुकने के स्थान पर अलाव के साथ ही शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गंगा घाटों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित कराया जाए। बस स्टैंड पर भी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय भ्रमण पर गुरुवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की वृहद समीक्षा की।

### हमेशा अलर्ट मोड पर रहे पुलिस

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा अलर्ट मोड पर रहे ताकि किसी भी घटना को होने से रोका जा सके। महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए भीड़ नियन्त्रण के समुचित प्रबंध सुनिश्चित हो। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के साथ इसमें महिला पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों को प्रशिक्षण देकर ड्यूटी लगाने को कहा। पुलिस को 24 घन्टा गहन पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, टैक्सी चालकों, स्ट्रीट वेंडरों, होटलों, हॉस्टलों, होम स्टे में ठहरने वालों के सत्यापन हेतु निर्देशित किया, जिससे अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा सके ।साइबर अपराधों से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाये जाने पर बल देते हुए उन्होंने शिक्षण संस्थानों में इसके प्रति प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने नशा के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने के निर्देश देते हुए हुक्का बार आदि अवैध क्रिया कलापों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

## फ्लोटिंग सोलर पावर के माध्यम से ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित होगा सोनभद्र- सीएम योगी





**सोनभद्र, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज में विधायक खेल महाकुंभ 2024-25 के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने अपने संबोधन में सोनभद्र भारत का स्विट्जरलैंड और यूपी की ऊर्जा राजधानी बताते हुए इसके समग्र विकास और ग्रीन एनर्जी हब के रूप में इसे विकसित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सदर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित यह खेल महाकुंभ 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर शुरू हुआ था। समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, यह हमारे जीवन को ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करता है। इस महाकुंभ में 11,000 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100-200-400 मीटर दौड़, रस्साकसी, शतरंज, निबंध लेखन, चित्रकला, और दृष्टिबाधित खिलाड़ियों का क्रिकेट शामिल था। सीएम योगी ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लेने और बालिकाओं द्वारा कबड्डी में दिखाए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज की जीवन्तता को प्रदर्शित करता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी प्रदेश की खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# पंजाब के एजेंटों और गुरुघरों की गोलकों पर कब्जा करने वालों से सावधान रहें: गुरनाम सिंह लाडी

## कहा: अवसर दिया तो करनाल नीसिंग के गुरुद्वारों को देशका नंबर बन बना दूंगा

>>> एकता दल पर पंजाब के लोगों से गठबंधन करने का आरोप लगाया
>>> नानकसर वाले बाबा जोगा सिंह ने दिया समर्थन



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** एचएसजीपीसी के लिए हो रहे चुनावों में तेजी आ रही हैं। पूरे प्रदेश में चालीस वार्डों से 250 प्रत्याशी मैदान में हैं। करनाल नीसिंग वार्ड में भी मुकाबला प्रतिष्ठापूर्ण बना हुआ है। इस चुनावों में मुद्दा पंजाब के एजेंटों द्वारा हरियाणा के एचएसजीपीसी पर फिर से पिछले दरबाजे से कब्जा करने का बनाहुआ ळैं। यहां से चुनाव लड़ रहे डबरी गांव के पूर्व सरपंच गुरनाम लाडी ने कहा कि एचएसजीपीसी को गुरु घरों की सेवा करने वालोंकी जरूरत हैं। इस समय मतदाताओं को पांजाब के एजेंटों से तथा गुरु घरों की गोलकों पर कब्जा करने की नीसत से चुनाव लड़े वालों से सवधान रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा संगत की एकता के लिए बनाए एकता दल ने पंजाब के अकाली दल से गठबंधन कर लिया है। इनके माध्यम से पंजाब के सियासतदार हरियाणा की बखरी कमेटी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमाम कुर्बानियों के बाद हरियाणा को बखरी कमेटी मिली। उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव से गुरु धर की सेवा करने के लिए मैदान में आए हैं। डबरी गांव की सेवा इसका उदाहरण हैं। नावियावाद गुरुद्वारे की सेवा जिस मरह से उन्होंने की यह एक मिसाल हैं। उन्होंने कहा किउन्होंने डबरी गांव को देश का नंबर वन गांव बनाया। यदि उन्हें अवसर मिलातो वह अपने क्षेत्र के गुरुद्वारों को देश का नंबर बन बनाऊंगा। उनका मकसद युवाओं को धार्मिक संस्कार रोजगार के साथ गुरुद्वारों से स्वसथ्य सेवाएं संचालित करना चाहिए।

# बड़ोली पर दुष्कर्म का आरोप, षडयंत्रों के पतन की पराकाष्ठा: राजकुमार शर्मा



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** सर्वजातीय महापचायंत के अध्यक्ष व पूर्व उपमहाधिवक्ता हरियाणा सरकार, एडवाकेट राजकुमार शर्मा, उड़ाना ने कहा कि भाजपा के प्रान्तीय अध्यक्ष बड़ोली पर लगाया गया दुष्कर्म का आरोप षडयंत्रकारी घिनौनी राजनीति का हिस्सा है व अत्यत ओच्छी मानसिकता वाला कार्य है और अभी तक के राजनीतिक इतिहास में स्वार्थ पूर्ति के लिये रचे गये षडयंत्रकारी दांगो को भी मात देने वाली निदंनीय घटना है। पूर्व महाधिवक्ता ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष पर लगाया गया आरोप शत प्रतिशत राजनीतिक षडयंत्र का परिणाम है और मोहन लाल बडोली को हरियाण्साा भाजपा का पुनः अध्यक्ष बनने से रोकने व दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा को नुक्सान पहुंचाने की ओच्छी राजनीति है। उन्होने कहा कि गत वर्ष हुये लोकसभा चुनाव के दौरान सोनीपत में एक दूसरे की टिकट कटवाने के लिये भी दुष्कर्म की सी.डी. वायरल की गई थी और वर्तमान दुष्कर्म की सी.डी भी बदले की भावना से छवि खराब किये जाने का ही कुत्शित प्रयास है। मौजूदा दुष्कर्म की घटना के कानूनी पहलुओ पर प्रकाश डालते हुये एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने कहा कि कथित घटना 03 जुलाई 2023 को हुई थी और इस घटना की प्राथमिकी हिमाचल प्रदेश के कसौली में 13 दिसम्बर 2023 को दर्ज हुई थी जो अपने आप में ही यह सवाल पैदा करती है कि दुष्कर्म जैसी घटना पर तथाकथित पीड़िता एक वर्ष छह माह तक मौन कैसे रही और अब जबकि मोहन लाल बड़ोली को पुनः भाजपा अध्यक्ष बनाया जान लगभग तय है तो उनको रोकने के लिये बदले की भावना से रची गई दुष्कर्म की सी.डी. उनकी छवि को खराब करने के लिये अचानक कैसे सामने आई। उन्होने हिमाचल पुलिस की लचर-पचर व्यवस्था पर प्रशन उठाते हुये कहा कि बलात्कार जैसे मामलों में भी हिमाचल पुलिस 13 दिसम्बर 2023 से अब तक डेढ़ वर्ष बीत जान।

# इफको करनाल द्वारा किसान सभा सह कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** गाँव नगला रोडान (करनाल) मे इफको करनाल द्वारा वृहद्? किसान सभा सह कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बतौर अतिथिगण डॉ देवी दयाल,उप महा प्रबन्धक (कृ से) इफको चण्डीगढ, डॉ विवेक कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि व किसान कल्याण विभाग,करनाल, डॉ निरंजन सिंह (वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक इफको करनाल) व श्री प्रदीप मिश्रा (आर. एम. ई. इफको-एम.सी. करनाल) मौजूद रहे। कार्यक्रम में किसानों को इफको के उत्पाद जैसे नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, सागरिका एवं अन्य उत्पादों के उपयोग के बारे में बताया गया। डा निरंजन सिंह ने बताया की इफको नैनो यूरिया प्लस के महत्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा करते हुए बताया की नैनो यूरिया प्लस पर्यावरण के अनुकूल है और महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होने बताया कि बेहतर मृदा स्वास्थ्य और किसानों की लाभप्रदता के लिए पारंपरिक यूरिया और अन्य नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के स्थान पर इसका उपयोग किया जाता है। यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की दक्षता और उपलब्धता को बढ़ाता है। यह एक 45 किलो के बोरे के बराबर कार्य करती है व इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। डॉ देवी दयाल ने बताया की डी ए पी की मात्रा आधी करकर नैनो डी ए पी व एनपी के कन्सोर्टिया प्रत्येक की 250 -250 मी ली मात्रा एक एकड के गेहूं के बीज में उपचार करकर बिजाई करे व बचा 250 मी ली नैनो डी ए पी 100 लिटर पानी में मिलाकर 30-35 दिन की फसल पर एक एकड में स्प्रे करना है। नैनो डी ए पी से बीज उपचार करने से फसल में अंकुरण प्रतिशत मे बढोतरी होती है व अंकुर जल्दी विकाश करता है जिससे फसल जल्दी उगती है? व अन्त ?

# फाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम गम्भीर, निगमायुक्त ने तीसरे दिन जोन 3 का किया दौरा, सफाई से संतुष्ट होकर कर्मचारियों का बढ़ाया मनोबल, नसीहत भी दी कि हाजिरी लगाकर ही काम करें शुरू, ड्यूटी से न रहें अनुपस्थित।

## राम नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए रेहड़ी-फड़ी को हटाने के दिए निर्देश, दुकानदार भी अंदर रखें सामान, करवाई गई मुनादी।




**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने को लेकर नगर निगम गम्भीर है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तीसरे दिन शहर के जोन नम्बर 3 का दौरा कर मुख्य सडकों व विभिन्न कॉलोनियों की गलियां घूमकर साफ-सफाई को चेक किया। इस दौरान सफाई के साथ-साथ दरौगा और सफाईकर्मी, दोनो के हाजिरी रजिस्टरों की जांच भी की गई। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने निरीक्षण में सफाईकर्मियों का हाल-चाल भी जाना। सडकों की साफ-सफाई को बेहतर बताकर सफाईकताओं का मनोबल बढ़ाया। साथ में यह भी नसीहत दी कि सफाईकर्ता अपने हाजिरी लगाकर ही काम शुरू करें और अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित न रहें। सभी अपनी-अपनी ड्रेस पहनकर काम पर आएं। उन्होंने दौरे में मौजूद अतिरिक्त निगम आयुक्त और सहायक सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि सफाई के साथ-साथ कूड़े-कचरे की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कूड़ा-कचरा संग्रहण करने वाले टिप्परों के चालकों से बात की और जीपीएस सिस्टम को चेक किया। टिप्परों के जरिए नागरिकों को सुनाई जाने वाली कूड़ा डालने की उद्घोषणा और प्रसारित होने वाले स्वच्छता गीत को भी सुना। उन्होंने टिप्पर ड्राईवर व हैल्पर को निर्देश दिए कि लोगों को टिप्पर में कूड़ा डालते समय दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने नागरिकों की मदद करने को कहा। राम नगर होगा। अतिक्रमण मुक्त- दौरे में निगमा?

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 जनवरी को हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक की करेंगें अध्यक्षता, महत्वपूर्ण विषयों पर होगी चर्चा: उत्तम सिंह

## उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने वीरवार को संयुक्त रूप से जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया, कहा सभी तैयारियां पूरी।



**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 17 जनवरी शुक्रवार को हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन (करनाल)के सभागार में उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, डीजीपी शत्रुजीत कपूर सहित मंडल आयुक्त तथा सभी रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों/ महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्त मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में चल रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की गति को तेज करने तथा आम जनता की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बेहतरीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उच्च अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे और हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत संविधान प्रस्तावना वाचन भी करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने वीरवार को संयुक्त रूप से जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने बैठक के सफल आयोजन को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि जिला के उच्च अधिकारियों को अलग-अलग ड्यूटी सौंपी गई है जोकि पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखेग।

# जोगिंद्र सिंह मान एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन नियुक्त

## नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक ने जिला करनाल टीम का विस्तार करते हुए जोगिंद्र सिंह मान को जिला चेयरमैन, करनाल नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक ने जोगिंद्र सिंह मान को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जोगिंद्र सिंह मान ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का देश भर में विस्तार करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण,स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जाती हैं एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देश भर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन यूके एवं टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप द्वारा उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत।

# इंद्री क्षेत्र के लिए आत्म मनोहर मुनि अस्पताल लाइफ लाइन बना

## जल्द ही प्राकृतिक चिकित्सा का अस्पताल भी शुरू होगा: पीयूष मुनि



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** इदंद्री रोड पर सिथत भगवान घंटाकर्ण देव के तीर्थ स्थान के पासश्री आत्म मनोहर मुनि चैरिटेबुल ट्रस्ट द्वारा संचालित भगवान आत्म मनोहर चैरिटेबुल अस्पताल परिसर में जन्द ही प्राकृत चिकित्सा अस्पताल बनाया जाएगा। इस परिसर का विस्तर किया जाएगा। यह अस्पताल इन दिनों इंद्री तथाा आसपास के इलाकों के साथ करनाल के लिए लाइफ लाइन बना हुआ हैं। जहां पर ग्रामीण क्षेत्र में हजारों लोग इस अस्पताल का फायदा उठा रहे हैं। अब तक दो साल में लाखों लोग इस अस्पतल का फायदा उठा चुके हैं। यह जानकारी इस ट्रस्ट के प्रमुख मार्गदर्शक जैन मुनि उप प्रवर्तक पीयूष मुनि जी ने दी। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में नैत्र चिकित्सा, आर्थो पैडिक, मैडीसन दंत रोग, ई एंड टी, ज्वाइंट रिप्लेसमैंट बाल रोग के साथ सर्जरी विभाग के साथ सिटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड जैसे संकाय हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर लगभग 58 डाक्टरों तथा पैरा मैडीकल स्टाफ हैं। इस अस्पताल को आवासीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर नौ प्रोफेट नो लोश के आधार पर दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर उपचार के साथ दुआ भी लोगों को मिलती ळैं। उन्होंने कुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि यह संयोग 144 सालों बाद हुआ हैं। कुभ कई मायनों में अविस्मर्णीय हैं। उन्होंने कहा कि हिदु धर्म सागर के समान हैं। जैन और बौद्ध श्रवण परंपरा हैं। उन्होंनें कहा कि देश का मूल धर्म वैदिक धर्म हैं।उन्होंने कहा कि सत्ता पर धर्म का अंकुश होना चाहिए। सत्ता को धर्म के साए में चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी को मिल कर सभी का आदर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे देश में दूसरों को भी अपनाया जाता हैं।

## स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# स्वच्छता व्यवहार का विषय, स्वच्छता अभियान को दिया जाए आंदोलन का स्वरूप: सुभाष चंद्र




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा स्वच्छता अभियान को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहा है। स्वच्छता व्यवहार का विषय है, जब तक यह हमारे व्यवहार का विषय नहीं बनेगा तब समाज और वातावरण में बदलाव नहीं आएगा। स्वच्छता कहने से नहीं करने से आएगी सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें, ताकि इस सफाई अभियान को सफल बनाया जा सके। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिनमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाडियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। जितना बड़ा स्वरूप होगा उतने ही बड़े परिणाम भी हासिल होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर सभी देशवासियों ने वर्ष 2014 से देश को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री के इस अभियान को हरियाणा प्रदेश में शुरू करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी श्रमदान करके नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया है। परिणामस्वरूप हरियाणा प्रदेश ने दो बार देश में स्वच्छता के नंबर-वन पायदान पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है।

# नशीले कैप्सुलों की खेप के साथ एक आरोपी गिरफतार




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** बिती रात जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर भादसौं रोड़, इन्द्री पर नाकाबंदी कर-के एक आरोपी..... सुहेल पुत्र इमरान वासी मौहल्ला झोटावाला, साहरनपूर, उतरप्रदेश को गिरफतार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 1152 ट्रामाडोल कैप्सुल (वजन 701.28 ग्राम) बरामद किए गए। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना इन्द्री में धारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि आरोपी को आज माननीय अदालत के सामने पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा व आगामी जांच के दौरान आरोपी के अन्य साथीयों को भी गिरफतार किया जाएगा।

# बाल हृदय के तीन रोगियों को एम्बुलेंस द्वारा पटना भेजा गया

## 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की आरबीएसके चिकित्सकों द्वारा आंगनबाड़ी एवं सरकारी अस्पतालों में होती है जाँच

### योजना अन्तर्गत 42 तरह के रोगों का होता है इलाज



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**मोतिहारी।** सदर अस्पताल मोतिहारी से रात्रि में जिले के 03 बाल हृदय के रोगियों को एम्बुलेंस से पटना आईजीआईसी रवाना किया गया, जहाँ आज बिहार के अन्य जिलों से आए रोगियों के साथ जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का भी स्क्रीनिंग किया गया। इस सम्बन्ध में आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ शशि मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की अनमोल कुमार 7 वर्ष मोतिहारी, सूरज कुमार 17 वर्ष सुगौली, सुईया प्रवीण 9 वर्ष तुरकौलिया को बुधवार को रात्रि में पटना भेजा गया है जहाँ आज गुरुवार को उन सभी की स्क्रीनिंग हुई है, आगे विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बच्चों की चिकित्सा होगी वहीं गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को "आईजीआईएमएस" पटना में शल्य चिकित्सा कराई जाएगी। डॉ शशि ने कहा की 0-18 वर्ष तक के दिल के छेद का कोई मरीज है तो तुरन्त सदर अस्पताल मोतिहारी परिसर स्थित जिला आरबीएसके कार्यालय से संपर्क करे, ताकि हृदय रोग से पीड़ित जिले के अधिक से अधिक बच्चों की सहायता की जा सके।

### 0-18 वर्ष तक के दिल के छेद के मरीजों की निशुल्क होती है सर्जरी:

सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया की मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत 0-18 वर्ष तक के दिल के छेद के मरीजों की निशुल्क सर्जरी बिहार सरकार के द्वारा करायी जाती है। आईजीआईएमएस अस्पताल पटना में अब बाल हृदय रोगियों की ओपन हार्ट सर्जरी कराई जा रही है। वहीं गंभीर मरीजों का श्री सत्य साईं अस्पताल अहमदाबाद में सर्जरी कराई जाती है। बिहार सरकार अपने खर्च पर बाल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को हवाई जहाज द्वारा पटना से अहमदाबाद भेजती हैं जहाँ हृदय रोगी बच्चों की निशुल्क सर्जरी कराई जाती है। अस्पताल में बच्चों एवं अभिभावक के रहने, भोजन, इलाज का सारा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने बताया की आरबीएसके के तहत 42 प्रकार की बीमारियों की जाँच चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर समय समय पर की जाती है।

# "माउंटेन मैन"दशरथ मांझी के जीवन दर्शन को विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करे सरकार।

## माउंटेन मैन दशरथ मांझी की 91वी जन्मदिवस सप्ताह पर सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**बेतिया।** माउंटेन मैन दशरथ मांझी की 91वी जन्मदिवस सप्ताह पर सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन , मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम्बेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल ,डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक ने संयुक्त रूप से सरकार से मांग करते हुए कहा कि माउंटेन मैन दशरथ मांझी के जीवन दर्शन को विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बिहार में गया के करीब गहलौर गाँव के एक गरीब मजदूर थे। केवल एक हथौड़ा और छेनी लेकर इन्होंने अकेले ही 360 फुट लंबी 30 फुट चौड़ी और 25 फुट ऊँचे पहाड़ को काट के एक सड़क बना डाली। लगभग 22 वर्षों परिश्रम के बाद, दशरथ द्वारा बनायी सड़क ने अतरी और वजीरगंज ब्लाक की दूरी को 55 किमी से 15 किलोमीटर कर दिया। पर्वत पुरूष दशरथ माँझी को 22 वर्षों तक निःशुल्क छेनी-हथौड़ा पहाड़ तोड़ने के लिए हैमर मैन शिवू मिस्त्री ने प्रदान किये थे। उन्हीं के दिए छेनी-हथौड़े से दशरथ माँझी ने पहाड़ काटकर रास्ता बनाया था। दशरथ माँझी के कार्य में श्री शिव मिस्त्री का योगदान अतुल रहा। दशरथ माँझी काफी कम उम्र में धनबाद की कोयले की खानों में काम किया। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद ये अपने घर लौटे और 360-फुट-लम्बा



(110 मी॰), 25-फुट-गहरा (7.6 मी॰) 30-फुट-चौड़ा (9.1 मी॰)गेहलौर की पहाड़ियों से रास्ता बनाने का फैसला किया। इन्होंने बताया था कि, "जब मैंने पहाड़ी तोड़ना शुरू किया तो लोगों ने मुझे पागल कहा लेकिन इसने मेरे निश्चय को और मजबूत किया।" इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इन्होंने अपने काम को 22 वर्षों(1960-1982) में पूरा किया था। इस सड़क ने गया के अत्रि और वजीरगंज सेक्टर्स की दूरी को 55 किमी से 15 किमी कर दिया। माँझी का प्रयास का मजाक उड़ाया गया पर उनके इस प्रयास ने गहलौर के लोगों के जीवन को सरल बना दिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल के पुत्र ने चालक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**कालपी-उरई।** विगत दो माह पहले कालपी हाईवे रोड में सड़क दुर्घटना में घायल पिता के घायल होने पर पीड़ित पुत्र ने द्वारा कालपी कोतवाली में ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। वादी अजय प्रताप सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी ग्राम पिपरौंधा थाना चुर्खी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 7-11-2024 को प्रार्थी के पिता तेज सिंह चौहान कालपी बाजार करके गांव वापस लौट रहे थे, तभी मोतीनगर के समीप हाईवे रोड में दूध वाले ट्रक के नंबर जीजे-08-एवी-0911 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार प्रार्थी के प्रताप तेज सिंह के सर तथा शरीर में गंभीर चोटे आई हैं, प्रार्थी के पिता का इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक दयाशंकर को सौंपी है।

# उप मुखिया ने फाइलेरिया पर किया जागरूक, बांटे 28 एमएमडीपी किट

## सरफुद्दीनपुर एचडब्ल्यूसी, बोचहा में फाइलेरिया रोगियों को मिला प्रशिक्षण

### फाइलेरिया रोगी हित धारक मंच के लोगों ने किया प्रेरित




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**मुजफ्फरपुर।** जिले में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन में जनप्रतिनिधि और रोगी हित धारक मंच अब सामने आने लगे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बोचहा प्रखंड के सरफुद्दीनपुर एचडब्ल्यूसी पर देखने को मिला। यहां उप मुखिया मनीष कुमार और रोगी हितधारक मंच की सहायता से पंचायत के 28 फाइलेरिया रोगियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ते हुए एमएमडीपी किट प्रदान किया गया। इस मौके पर उप मुखिया मनीष कुमार ने कहा कि जिस तरह शौचालय के मुद्दे पर पूरे गांव वासियों ने उनका सहयोग किया उसी तरह फाइलेरिया पर भी पूरे पंचायत को एक होना होगा। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 10 फरवरी से जिले में सर्वजन दवा सेवन की शुरूआत हो रही है। उसमें सभी ग्रामीण दवा जरूर खाएं। एमएमडीपी किट वितरण के साथ सभी फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का डेमो भी कर के दिखाया गया। मौके पर बीएचएम आशीष कुमार, बीएचआई संजय रंजन, भीबीडीएस अमरनाथ, उप मुखिया मनीष कुमार, सीएचओ पूजा रानी, सीएचओ पूजा रानी, मधु कुमारी एएनएम, पिरामल पीओ इफ्तकार अहमद, सिफार डीसी नीतू कुमारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# फाइलेरिया मुक्त पंचायत के लिए ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम का हुआ गठन

## 10 फरवरी से होगा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आगाज




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**वैशाली।** चेहराकला प्रखंड के सुमेरगंज पंचायत को फाइलेरिया मुक्त पंचायत ग्राम बनाया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को आम सभा की बैठक कर ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम का गठन किया गया। यह सुविधा टीम 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान में भी लोगों के बीच जागरूकता फैलाएगी। इसके अलावा यह सुविधा टीम स्वस्थ पंचायत, स्वच्छता और शिक्षा पर भी काम करेगी। फाइलेरिया मुक्त पंचायत के लिए सुमेरगंज पंचायत के मुखिया श्रीमती वीणा देवी ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि 10 फरवरी को फाइलेरिया मुक्त पंचायत बनाने के लिए हम सभी दवा का सेवन अवश्य करें एवं फाइलेरिया मुक्त पंचायत बनाने में स्वास्थ्य कर्मियों को मदद करें। सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन से पीयूष, कृष्ण देव एवं कोमल के द्वारा बैठक का संचालन किया गया एवं फाइलेरिया उन्मूलन हेतु आगामी 10 फरवरी से चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यकम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

## सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा रहे दो गिरफ्तार

**कालपी-उरई।** सार्वजनिक स्थान में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे दो युवकों को भारी पड़ गया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने जुआ खेल रहे दो लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया। कालपी नगर के मोहल्ला हरीगंज में सार्वजनिक स्थान में हारजीत की बाजी लगाकर पर में जुआ का खेल चल रहा था। मुखबिर की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षको दयाशंकर तथा राजेश कुमार दलबल सहित मौके पर पहुंचे तथा घेराबंदी करके जुआ खेल रहे आरोपियों बच्चे पुत्र लड्डन तथा ओम प्रकाश निवासी मोहल्ला हरीगंज कालपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 950 रुपए धगद तथा ताश की गाड़ी बरामद करके दोनों आरोपियों को जुर्म धारा 13 जी एक्ट के अंतर्गत चालान कर दिया। पुलिस ने जुआरियों तथा सटोरियों की गतिविधियों में नजर रखकर कार्यवाही की जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में दो लोगों के बीच हुई हाथापाई

**जालौन-उरई।** शराब के नशे में दो लोगों के बीच हाथापाई एवं शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के लहचूरा निवासी योगेंद्र व हरदोई जिला निवासी अवनीश कुमार खनुआं स्थित शराब के ठेके पर थे। जहां शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बीच ही उनके बीच गाली, गलौज व हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर, कुसमरा निवासी रिषभ कुमार शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रिषभ के खिलाफ कार्रवाई की है।

### एसडीएम ने माडल शाप में पहुंच सरकारी खाद्यान्न के वितरण को परखा



**कालपी-उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर यमुना के बीहड़ पट्टी में स्थित ग्राम में स्थित माडल शाप में छापा मारकर सरकारी खाद्यान्न के वितरण की हकीकत को परखने के लिये उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सरकारी उचित दर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशनकार्ड धारकों से बातचीत करके कोटेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को महेवा विकासखंड के ग्राम देवकली में स्थित खाध एवं रसद विभाग की सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र माडल शाप में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने गेंहू, चावल, ज्वार, बाजरा खाद्यान्न का स्टॉक चैक करके अभिलेखों से मिलान किया। दुकान में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने हिदायत दी कि परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। दुकान में मौजूद राशनकार्ड धराको से बातचीत करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि अगर किसी भी राशनकार्ड धारक को कोई समस्या आती है तो वो कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए, शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तत्परता से उसका निस्तारण कराया जाए। कोटेदार चंद्र भानु की मौजूदगी में कार्डधारकों को जागरूक करते हुए उपजिलाधिकारी ने उन्होंने कहा कि सरकारी खाद्यान्न में गड़बड़ी मिलने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की

**जालौन-उरई।** खाली जगह को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने मिलकर महिला के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव में कुछ खाली भूमि पड़ी है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी गांव के जयदेव व मंगल इस भूमि को लेकर आए दिन विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह इस खाली भूमि को उपरोक्त जयदेव व मंगल उससे विवाद कर रहे थे। जब उसने रोका तो गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### वरिष्ठ चिकित्सक के निधन पर शोक की लहर



**कोंच।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व नगर अध्यक्ष मीरा चंदेरिया के पति नगर के वरिष्ठ चिकित्सक और नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉ पीडी चंदेरिया का 65 वर्ष की आयु में बुधवार की सुबह झाँसी स्थित एक नर्सिंग होम में डायलिसिस के उपरांत अचानक निधन हो गया उनके निधन की खबर से नगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। कैलिया बाईपास स्थित मोक्ष धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने शामिल होकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। दिवंगत डॉ चंदेरिया विनम्र सुभाव के व्यक्ति थे। बीते करीब दशक से वह चिकित्सा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे थे। विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता आदि ने उनके घर पहुंच कर उनको श्रद्धांजलि दी।वहीं दूसरी ओर पूर्व शासकीय अधिवक्ता अनंतपाल सिंह यादव के पिता राष्ट्रपति पुरस्कृत अवकाश प्राप्त शिक्षक केपी सिंह यादव का बीमारी के चलते झाँसी के एक अस्पताल में बीती रात निधन हो जाने पर शोक व्याप्त हुआ। तमाम लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

### हाड़कंपाऊ सर्दी से बच्चे, बूढ़ों के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल

**जालौन-उरई।** हाडकंपाऊ सर्दी से बच्चे, बूड़ों के साथ ही पशु, पक्षी भी बेहाल हैं। सर्दी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में भी ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक चौराहो पर अलाव लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है। इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। बर्फीली हवाओं के चलते आम जनमानस के साथ ही पशु पक्षी तक बेहाल है। बारिश और बर्फवारी के बिना ही सर्दी सितम ढा रही है। हालत यह है कि दोपहर तक लोग रजाई में ही दुबकने को मजबूर हैं। सर्दी के मौसम में एकमात्र सहारा आग ही बचा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा अलाव न लगाए जाने से लोग मायूस हैं। घरों में भी लकडी के अभाव में अलाव नहीं जल पा रहे है। अलाव न लगने से अधिकांश बच्चे और बूड़े सभी परेशान नजर आ रहे हैं। सर्दी लगने से कई लोग घरों में बीमार पड़े हुए हैं। लगातार पड़ रही सर्दी को एक सप्ताह हो चुका है लेकिन सर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कड़ाके की सर्दी से लोग कहीं आ जा नहीं पा रहे हैं।

# एसपी ने कोतवाली सहित सर्किल के सभी थानों का लिया अर्दली रूम

■ कोंच

## अपराधों की समीक्षा कर दिए निर्देश



जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली कोंच में सर्किल के सभी चारों थानों कोतवाली कोंच, थाना कैलिया, थाना नदीगांव और थाना एट के थानेदारों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए तथा अपराधों की विंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का सबसे पहला काम है अनुशासित ढंग से रह कर अपना काम करना और अच्छे से अच्छा रिजल्ट देना। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर पैनी नजर रखें और अपराधों पर कारगर ढंग से नियंत्रण पाएं। उन्होंने बीट, गश्त और पिकेट के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि किस प्रकार बीट बुक में दर्ज सूचनाओं के माध्यम से वे अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगा सकते हैं। उन्होंने बांछित अपराधियों की भी तत्काल गिरफ्तारी और बड़े मुकदमों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।एसपी ने कहा कि जनता की शिकायतों और समस्याओं का निराकरण मौके पर जाकर करें और शिकायत करने वाले के साथ फोटो करके अपलोड करें।उन्होंने कहा फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार करना और उसकी समस्या का त्वरित समाधान करना पुलिस की जिम्मेदारी है। अर्दली रूम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, जबसे नए कानून प्रचलन में आए हैं, ई-साक्ष्य का महत्व बढ़ा है और न्यायालय में इन ई-साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को दंड दिलाने का अनुपात पहले की अपेक्षा बढ़ा है। थानों के विवेचनाओं और अपराधों की समीक्षा की गई जिसमें कुल मिलाकर स्थिति ठीक-ठाक है, जहां कहीं भी थोड़ी-बहुत कमियां हैं उन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत की जांच मौके पर जाकर करने और जांच आख्या के साथ शिकायत कर्ता के साथ फोटो भी अपलोड करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लू राम, एसएसआई अभिलाष मिश्रा, एसओ एट विमलेश कुमार, एसओ नदीगांव दिव्य प्रकाश तिवारी, एसओ कैलिया राजीव कुमार वैस उपनिरीक्षक अविनीश पटेल, संतराम कुशवाहा, नितीश कुमार, संजीव त्रिपाठी, अनुराग राजन, नरेंद्र सिंह सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर्व के दूसरे दिन कई जगह बांटी गयी खिचड़ी

■ कोंच





प्रमुख सनातनी मकर संक्रांति पर्व के दूसरे दिन भी नगर के अलग अलग स्थानों पर विभिन्न संगठनों ने खिचड़ी प्रसाद वितरित कर सर्वसमाज में समरसता का भाव जाग्रत किया।

चंदकुंआ स्थित भूतेश्वर मंदिर पर जिझौतिया (ब्राह्मण) महासंघ, राष्ट्रीय शिक्षक मंच एवं सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा संयुक्त रूप से खिचड़ी वितरित की गयी। मंदिर में विराजमान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर भोग लगाकर खिचड़ी प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर बृजमोहन तिवारी, नरेंद्र पुरोहित, अनिरुद्ध मिश्रा, पुरूषोत्तम रिछारिया, राघवेन्द्र तिवारी, किशोर पाठक, रवि दीक्षित, रामकिशोर पुरोहित, मदन तिवारी, अखिलेश बबेले, गोपाल शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, शुभांश मिश्रा, अनुभवी मिश्रा, सौरभ मिश्रा, प्रभुदयाल गौतम, अखिल वैध, संजय रावत, ब्रजनंदन नगाइच, अमित नगाइच, आकाश शांडिल्य, राजेंद्र दुबे, दिनेश दुबे आदि मौजूद रहे। वहीं विश्व हिंदू परिषद द्वारा गांधीनगर स्थित बाल्मीकि मंदिर में बाल्मीकि महाराज की पूजा अर्चना कर खिचड़ी बांटी गयी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शिशिर प्रताप, राजीव लोचन मिश्रा, अंश यादव, सुमित कुशवाहा, अभिनव वाजपेयी, सुमित अग्रवाल, अमित मोदी, गोलू, अक्षत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।वही सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय परिसर में अधिवक्ता परिषद की ओर से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सिविल जज जूनियर डिवीजन मोहित निर्वाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव, असित कुशवाहा, आनंद चौधरी, अमर बाबू पाठक, राजकुमार गोयल, चंद्रेश गोस्वामी, राहुल अवस्थी, इंद्रजीत राठौर, राहुल निरंजन, विपिन पटेल, राकेश यादव, विनय गुप्ता, हरिनारायण श्रीवास्तव, राजेंद्र उपाध्याय, साकेत, नरेंद्र पुरोहित, अर्पित बाजपेई, गजेंद्र अहिरवार, ओमप्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नरसिंह बुंदेला, अरुण मिश्रा, दीपक मिश्रा, उमेश व्यास, अनुराग श्रीवास्तव, अरुण बाजपेई, संतोष निरंजन सहित कश्यप मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, बख्तियार मुकेश, जावेद खान, विकास, बिष्णु आदि उपस्थित रहे।




देश-विदेश से आए करीब 6 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके

# 10 देशों से 21 लोगों का प्रतिनिधिमंडल कुंभ देखने पहुंचा

एजेंसी, प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ का गुरुवार को चौथा दिन है। पिछले तीन दिन में देश-विदेश से आए करीब 6 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यानी हर रोज 2 करोड़ लोग यहां पहुंच रहे हैं। आज भी 2 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। मेला देखने के लिए 10 देशों से 21 लोगों का प्रतिनिधिमंडल भी बुधवार को प्रयागराज पहुंचा। इसमें सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, मॉरिशस, श्रीलंका, फिजी, फिनलैंड, गुयाना, त्रिनिदाद-टोबैगो और यूएई शामिल हैं। दिल्ली से प्रयागराज आने वाली फ्लाइट्स का किराया 21% तक बढ़ गया है। यात्रा पोर्टल इक्सिगो के अनुसार, भोपाल और प्रयागराज के बीच एकतरफा हवाई किराया पिछले साल जहां 2,977 रुपए था, वहीं अब यह करीब 6 गुना बढ़कर 17,796 रुपए हो गया है। श्रद्धालुओं को सड़क से घाट तक 3 से 4 किलोमीटर ले जाने के लिए कुछ बाइकर्स ने 2 से 3 हजार रुपए वसूले थे। पुलिस ने 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके वाहनों को सीज कर केस दर्ज किया गया है। 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ होगा। आज गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। यमुना, सरस्वती पंडाल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे।

## महाकुंभ में साधुओं ने बिजली ठेकेदार सहित 15 को पीटा

महाकुंभ के अखाड़ा सेक्टर में बुधवार देर रात साधुओं ने बिजली विभाग के दो ठेकेदारों सहित 15 लोगों को पीट दिया। पीटने के लिए लाठियां पुलिस कर्मियों से छीन ली। हंगामा होने पर आधी रात मेला अफसर भी पहुंचे। ठेकेदार ने झूंसी थाने में साधुओं के खिलाफ शिकायत की है। बिजली विभाग के स्टोर में यह हंगामा बिजली चली जाने पर हुआ।

## देश के कोने-कोने तक पहुंचा कुंभ मंथन से निकला अमृत

मकर संक्रांति पर कुंभ मंथन से निकला अमृत देश के कोने-कोने तक पहुंचा। करोड़ों श्रद्धालुओं ने जहां गंगा में डुबकी लगाकर अमृत स्नान किया, वहीं जो नहीं आ सके, उनके लिए श्रद्धालु अमृत रूपी गंगाजल गैलन में भरकर साथ ले गए। जम्मू से आए संजीव कुमार व उनकी पत्नी सुमन दो बड़े गैलन में गंगाजल भरकर ले गए। दंपती ने बताया कि यह गंगाजल अपने-अपने माता-पिता, दोनों बच्चों और मोहल्ले वालों को देंगे।



## मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने की संभावना

महाकुंभ मेले के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के मौके पर करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना है। इसको देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद इसकी कमान संभाल ली है। सीएम ने अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया है। मौनी अमावस्या पर्व 29 जनवरी को है। इस दिन अमृत स्नान भी होता है। करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जाएगी। बुधवार को अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई।





# राहुल गांधी इस देश को कभी नहीं समझ पाएंगे

राहुल गांधी जब तक देश की आत्मा को समझेंगे नहीं, तब तक प्रधानमंत्री नहीं बन सकते।

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



दो गांधी परिवार देश और कांग्रेस को अपनी जेब में ही रखना चाहता है। इसलिए कांग्रेस के नए दफ्तर का नाम 'इंदिरा गांधी' के नाम पर रखा गया। गांधी परिवार के उस समय होश उड़ गए, जब उद्घाटन करने पहुंचे गांधी परिवार को वहां पोस्टर लगा मिला कि कांग्रेस मुख्यालय का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर क्यों नहीं रखा गया। कांग्रेस गांधी परिवार से आगे नहीं सोचती या गांधी परिवार कांग्रेस को अपनी जागीर समझता है। जो गांधी परिवार कुछ दिन पहले मोदी सरकार पर मनमोहन सिंह के अपमान का आरोप लगा रहा था, वह इस पोस्टर को देख कर मुंह छुपाता देखा गया। अब दूसरी बात भी समझ लें। कायदे से कांग्रेस मुख्यालय का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों से होना चाहिए था। लेकिन, कांग्रेस ने सोनिया गांधी से उद्घाटन करवाया, फीता काटने के लिए कैंची सोनिया गांधी के हाथ में थी। एक तरफ पुत्र राहुल गांधी खड़े थे, दूसरी तरफ खड़गे मुंह लटकाए खड़े थे। लेकिन, सोनिया गांधी ने शर्म के मारे कैंची पर खड़गे का हाथ रखवा लिया। एक दलित कांग्रेस अध्यक्ष होते हुए कांग्रेस को सोनिया गांधी से फीता कटवाने की बात सोचनी ही क्यों चाहिए थी। इस घटना ने साबित किया कि किसी अल्पसंख्यक मनमोहन सिंह और दलित खड़गे की क्या अहमियत है। लेकिन, सवाल दफ्तर के उद्घाटन मात्र का नहीं है, सवाल वहां हुए राहुल गांधी के भाषण का है, जिस पर हर कांग्रेसी ने तालियां बजाई, खासकर उनकी मां सोनिया गांधी ने। राहुल गांधी ने अपने प्रिय विषय सरसंघचालक डॉ. भागवत पर हमला बोला। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने दो दिन पहले कहा था कि देश को असली आज़ादी तब मिली, जब राम जन्मभूमि पर भगवान राम का मंदिर बना। राहुल गांधी ने डॉ.भागवत के इस बयान पर उन्हें देशद्रोही और उनके बयान को बकवास कहा। साथ में यह भी कहा उनका बयान स्वतंत्रता संग्राम और संविधान का अपमान है। पिछले एक साल से वह तोते की तरह संविधान-संविधान रटते रहते हैं तो उन्होंने डॉ. भागवत के बयान को भी स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के साथ जोड़ दिया। जबकि, डॉ. भागवत के पूरे बयान को उन्होंने पढ़ा ही नहीं। डॉ. भागवत ने कहा था कि 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिली थी, लेकिन इसकी स्थापना नहीं हुई थी। 15 अगस्त को राजनीतिक स्वतंत्रता मिली, हमने संविधान भी बनाया, लेकिन उसके भाव के अनुसार हम चले नहीं। डॉ. भागवत ने न संविधान का अपमान किया था न स्वतंत्रता संग्राम का। जैसे अमित शाह के भाषण की एक लाइन उठा ली थी, वैसे ही डॉ. भागवत के भाषण की एक लाइन उठा ली। संघ क्योंकि उनके प्रधानमंत्री बनने में सबसे बड़ी रुकावट है, इसलिए वह आक्रामक होते रहते हैं। राहुल गांधी जब तक देश की आत्मा को समझेंगे नहीं, तब तक प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। असल में देश के बारे में राहुल गांधी का ज्ञान 1947 से ही शुरू होता है। कांग्रेस का एक तबका यह मानता है कि देश का निर्माण 1947 को हुआ। उनकी नजर में उससे पहले भारत नाम का कोई देश नहीं था। कांग्रेस का वही तबका मुगलों की गुलामी को गुलामी नहीं मानता। कांग्रेस सिर्फ 1608 से देश की गुलामी मानता है, जब अंग्रेज भारत में आए थे। ज्यादातर कम्युनिस्ट इतिहासकार भी मुगल काल को गुलामी का काल नहीं मानते। जबकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उस दिन से गुलामी मानता है, जिस दिन से अरबों, तुर्कों और मुगलों ने भारत पर कब्जा करना शुरू किया। इसलिए यह विचारधारा की लड़ाई है, जो 1947 में बंटवारे से शुरू होती है। यह सवाल हमेशा से कोई न कोई उठाता रहा है कि जब मुसलमानों ने धर्म के आधार पर पाकिस्तान हासिल कर लिया था तो वे सारे पाकिस्तान में क्यों नहीं गए। यह सवाल सबसे पहले आज़ादी के तुरंत बाद सरदार पटेल ने उठाया था। उन्होंने अपने एक भाषण में कहा था कि जब धर्म के आधार पर बंटवारा हो गया तो मुसलमान यहां क्यों रह गए। क्योंकि, इसका कारण गांधी और नेहरू थे, इसलिए सरदार पटेल ने एक बार चुटकी ली थी कि भारत में सिर्फ एक ही राष्ट्रवादी मुसलमान है और वह है नेहरू। इस से गांधी बहुत नाराज हुए थे। यह बात रफीक जकारिया ने अपनी किताब में लिखी है। मुसलमानों के भारत में रह जाने पर हाल ही में वही सवाल शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने एबीपी को दिए साक्षात्कार में उठाया है। इससे पहले भी हिन्दू साधू संत संन्यासी यह सवाल उठाते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरह देश के अधिकांश हिन्दू भी मानते हैं कि वह कैसी आज़ादी थी, जिसमें 75 साल तक हमलावर बाबर की ओर से तोड़े गए हिन्दुओं की आस्था के केंद्र राम जन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं किया जा सका। जबकि, आज़ादी की कीमत 10 लाख हिन्दुओं ने अपनी जान देकर चुकाई थी। डेढ़ करोड़ हिन्दू अपनी लाखों करोड़ों की संपत्ति इस्लामिक पाकिस्तान में छोड़ कर तथाकथित बाकी बचे हिन्दू देश में शरणार्थी बन कर आए थे। लेकिन, बंटवारे के बाद भी भारत लगातार हिन्दू मुस्लिम दंगे झेलता रहा। एक टीस उनके मन में हमेशा रही कि बंटवारे के बाद भी वे दंगों का शिकार क्यों होते रहे। कांग्रेस हिन्दुओं की उस टीस को 75 साल बाद भी नहीं समझ पाई है। इसलिए राहुल गांधी सरसंघचालक के उस बयान को नहीं समझ पाते, जो हिन्दुओं की सांस्कृतिक और धार्मिक आज़ादी की बात करता है। वह यह नहीं समझ पाएंगे कि 90 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का आंदोलन क्यों शुरू किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीसरी बार मोदी की सरकार बनी है।

बदलते चरित्र का ध्यान रखना होगा

# 'भविष्य में युद्ध हिंसक और अप्रत्याशित होंगे': राजनाथ सिंह



एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कई देशों में ''गैर-सरकारी तत्वों'' का उभरना और उनका आतंकवाद का सहारा लेना ''चिंता का विषय'' है। यहां 77वें सेना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही, साथ ही उन्होंने कहा कि बदलती भू-राजनीतिक विश्व व्यवस्था और युद्ध के लगातार बदलते चरित्र को ध्यान में रखना होगा। सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में संघर्ष व युद्ध और अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। (युद्ध में) गैर परंपरागत और विषम तरीके धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और आतंकवाद का सहारा लेना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि साथ ही, तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण भविष्य के युद्ध में काफी हद तक बदलाव देखने को मिलेगा। सिंह ने कहा कि साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, इसके साथ-साथ, विमर्श का युद्ध भी पूरी दुनिया में लड़ा जा रहा है। सेना को इन बहुस्तरीय चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि वह पुणे की वीर भूमि, छत्रपति शिवाजी की भूमि और बाल गंगाधर तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं।

## बाइडन-ट्रंप के बीच श्रेय लेने की होड़


**वाशिंगटन** ।7 अक्तूबर को हमास के हमले के साथ शुरू हुआ इस्राइल और गाजा संघर्ष में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे स्थान पर जाना पड़ा। इसी बीच इस्राइल ने युद्ध विराम समझौते और कैदियों की रिहाई पर सहमति जताई है। इसको लेकर अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। इस्राइल हमासे के बीच हुए युद्ध विराम समझौते पर राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप दोनों श्रेय ले रहे हैं।

अब गाजा में बढ़ेगी मानवीय सहायता

# भारत ने किया इस्राइल-हमास युद्ध विराम समझौते का स्वागत

एजेंसी, गाजा।

इस्राइल-हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते का भारत ने स्वागत किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने समझौते के बाद गाजा में शांति और मानवीय सहायता बढ़ने की उम्मीद जताई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की सुरक्षित और निरंतर आपूर्ति होगी। हमने लगातार सभी बंधकों की रिहाई, युद्ध



विराम, बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल के कई हिस्सों को निशाना बनाया था। इस हमले में करीब 1200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। जबकि ढाई सौ लोगों बंधक बना लिया गया। इसके बाद इस्राइल ने गाजा पर हमले शुरू किया। इस्राइली सेना के हमलों में अब तक 45 हजार से ज्यादा फलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। गाजा के बड़े हिस्से मलबे में तब्दील हो चुके हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी का करीब 90 फीसदी हिस्सा विस्थापित हो चुका है। लाखों लोग तंबू में रह रहे हैं। लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। कतर की राजधानी में कई सप्ताह तक चली कड़ी बातचीत के बाद हुए समझौते में कई शर्तें लगाई गईं हैं। हमास ने बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को चरणबद्ध तरीके से रिहा करने पर सहमति जताई है।

## मिजोरम में म्यांमा के एक उग्रवादी समेत पांच लोग गिरफ्तार

**मिजोरम** । पश्चिमी मिजोरम के ममित जिले में बुधवार को म्यांमा स्थित उग्रवादी समूह चिन नेशनल फ्रंट (सीएनएफ) के एक सदस्य सहित कम से कम पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट हुई हैं।

बांग्लादेश से भारतीय सीमा क्षेत्र में किन्नरों की घुसपैठ की संख्या बढ़ी

# किन्नरों से भारत में जासूसी करा रहा बांग्लादेश? भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी

एजेंसी, सिलीगुड़ी/बालुरघाट

पड़ोसी देश बांग्लादेश किन्नरों को भारतीय सीमा क्षेत्र में जासूसी के लिए भेज रहा है। पिछले कुछ दिनों से जिस तरह से बांग्लादेश से भारतीय सीमा क्षेत्र में किन्नरों की घुसपैठ की संख्या बढ़ी है, उससे केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को कुछ इसी प्रकार का अंदेशा है। खासकर बंगाल में दक्षिण दिनाजपुर जिले के अधीन भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से किन्नरों के घुसपैठ के मामले सामने आ रहे हैं। एक ओर जहां बिना घेराबंदी क्षेत्र की घेराबंदी में बांग्लादेशी सुरक्षा



बल बीजीबी के विरोध के कारण भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर इस नए मामले ने उनकी नींद उड़ा दी है। बुधवार को दक्षिण दिनाजपुर जिले से किन्नर बिजली मंडल उर्फ अलीम मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य में बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) द्वारा कुछ जगहों पर आपत्ति जताए जाने की हालिया घटनाओं के बाद से तनाव बढ़ रहा है। इसकी शुरुआत मालदा जिले के बैष्णवनगर के सुकदेवपुर से हुई थी, जहां पिछले सप्ताह बीजीबी के विरोध की वजह से बाड़ लगाने का काम रोकना पड़ा था।

### अवैध सीमा पार गतिविधियों के लिए असुरक्षित

इसके बाद कूचबिहार और तीन बीघा कॉरिडोर तथा दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट सीमा पर भी बाड़ लगाने पर बीजीबी ने अड़ंगा डाला। बांग्लादेश के साथ बंगाल की 2,216 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है जिसमें से 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बिना बाड़ के है, जिससे यह अवैध सीमा पार गतिविधियों के लिए असुरक्षित है। इनमें बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की बात करें तो उसकी जिम्मेदारी के 913 किलोमीटर सीमा में से करीब 400 किमी से कुछ अधिक इलाके में ही बाड़ है। इनमें 200 किलोमीटर से अधिक का नदी इलाका भी शामिल है, जिसमें दुर्गम सुंदरवन भी आते हैं।

### बड़े इलाके में तारबंदी नहीं

कुछ जगहों पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के बिल्कुल करीब गांव बसे हैं, जो तारबंदी लगाने के लिए भूमि अधिग्रहण में सबसे बड़ी बाधा है। बड़े इलाके में तारबंदी नहीं होने का घुसपैठिए, तस्कर व आतंकी लगातार फायदा उठाने की ताक में रहते हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना के बाद बदले हालात में बीजीबी भी लगातार बीएसएफ के कार्यों में बाधक बन रही है।

संपादकीय

# सच्ची आजादी का मतलब?

**क्या** देश 15 अगस्त 1947 को आजाद नहीं हुआ था? क्या वहआजादी अधूरी या झूठी थी? कभी कहा जाता है कि देश 2104 को आजाद हुआ था। कोई आजादी को लीज पर बता देता है। छुटभैये कुछ भी कहते रहें, उसका असर नहीं होता, लेकिन जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत यह कहें कि देश को 'सच्ची आजादी' राम मदिर में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मिली, तो बात गंभीर हो जाती है। क्या भागवत यह कहना चाहते हैं कि 1947 में मिली आजादी झूठी थी? अगर भागवत 1947 में मिली आजादी को सच्ची नहीं मानते तो क्या जिन क्रांतिकारियों ने देश की आजादी की लड़ाई में अपन जान न्योछावर कर दी, वे भी गलत थे? भागवत का बयान क्या महान क्रांतिकारियों का अपमान नहीं है? मोहन भागवत को 1947 में मिली आजादी क्या इसलिए सच्ची नहीं लगती, क्योंकि आरएसएस का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था? जरा कल्पना करें इस तरह का बयान आरएसएस प्रमुख न देकर कोई देता तो क्या होता? क्या उस पर देशद्रोह इल्जाम नहीं लगा दिया जाता? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोहन भागवत अगर किसी दूसरे देश में ऐसा बयान देते तो इसे देशद्रोह मान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और मुकदमा चलाया जाता। अब सवाल यह है कि मोहन भागवत ने ऐसा बयान क्यों दिया? ऐसा लगता है कि भागवत ने अपनी उस गलती को सुधारा है, जो उन्होंने यह बयान दे कर थी कि हर मस्जिद के नीचे क्यों मंदिर तलाश करना। उन्होंने कहा था कि हमें हर मस्जिद के नीचे मंदिर की खोज बंद कर देनी चाहिए. लेकिन अब मोहन भागवत ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को सच्ची आजादी का दिन बता कर अपनी गलती सुधार ली है। ऐसा लगता है कि भागवत के उस बयान को न सिर्फ भाजपा बल्कि आरएसएस भी नहीं पचा पाया था। सच्ची आजादी वाला बयान देकर उन्होंने साफ कर दिया है कि उनका हिंदुत्व वही है, जो पहले था, उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। हिंदुत्व समर्थकों को बता दिया है कि राम मंदिर के बाद आई सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लहर की वजह से ही बीजेपी को चुनावी सफलता मिली है। वो हिंदुत्व इस लहर को धीमा न पड़ने दें और बीजेपी का समर्थन करते रहें। दिल्ली चुनाव के बीच भागवत का इस तरह का बयान यही बताता है कि आरएसएस हिंदुत्व को भूला नहीं है। मोहन भागवत के बयान की गूंज दूर तक जाएगी। आजादी के मुद्दे पर संघ परिवार पहले से ही शक के घेरे में रहा है।

**सच्ची आजादी वाला बयान देकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने साफ कर दिया है कि उनका हिंदुत्व वही है, जो पहले था, उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।**

पाठकवाणी

### टेक कंपनियों की तय हो जवाबदेही

मार्क जुकरबर्ग द्वारा दिए गए विवादित बयान से भारत सहित पूरी दुनिया में एक नई बहस शुरू हो गई है। जो बिडेन के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार के कामकाज और 2024 के भारत चुनावों पर की गई टिप्पणी ने भारतीय संसद को नाराज कर दिया है। भारतीय संसदीय पैनल ने इसे गलतबयानी मानते हुए मेटा को समन जारी करने का निर्णय लिया है। यह मामला वैश्विक स्तर पर टेक कंपनियों की जिम्मेदारी और उनके बयानबाजी के प्रभाव को लेकर उठे सवालों को सामने लाता है। जुकरबर्ग ने जो रॉगन के पॉडकास्ट पर भारत में आर्थिक चुनौतियों और लोकतंत्र को लेकर जो बयान दिया, वह भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला माना जा रहा है। खासतौर पर प्रधानमंत्री की सरकार के आर्थिक प्रबंधन और कोविड-19 से निपटने की रणनीतियों पर उठाए गए सवाल गंभीर हैं। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि विदेशी कंपनियों को भारत की संवैधानिक गरिमा का सम्मान करना चाहिए। यह घटना सिर्फ सोशल मीडिया दिग्गजों के सामाजिक प्रभाव की जांच नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक दखल पर भी सवाल खड़ा करती है। भारत का यह कदम बड़े टेक दिग्गजों को उनकी जवाबदेही तय करने के लिए चुनौती है। लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए गलत सूचना पर सख्त कार्रवाई अनिवार्य है।

-**प्रो. आरके जैन**, बड़वानी

कुछ खास



मोहन भागवत का यह कहना कि 'भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली थी' का मतलब है कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और संविधान दोनों अमान्य हैं। ऐसा कहना असल में देशद्रोह है। किसी अन्य देश में ऐसा कहना के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता।

-**राहुल गांधी**, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

आज का ट्वीट



''कांग्रेस पार्टी के पहली पंक्ति के नेता बहुत अच्छे हैं, लेकिन दूसरी और तीसरी पंक्ति के नेता नुकसान करते हैं। जो क्षेत्रीय दल जिस प्रदेश में मजबूत हैं, कांग्रेस को उसे सहयोग करना चाहिए।''

-**राजकुमार भाटी**

साइबरवर्ल्ड

## आस्था, व्यापार और रोजगार

**महाकुंभ** में युवाओं को भरपूर रोजगार मिलेगा मोदीजी का यह कहना था। इसलिए बड़ी संख्या में रोजगार की तलाश में वे यहां पहुंच रहे हैं। उनमें सबसे ज्यादा युवा, साधु वेश धरे कुंभ की रौनक बढ़ा रहे हैं, क्योंकि यह वेश आजकल देश का प्रतिष्ठित सिंबल बना हुआ है। ऐसे युवा साधुओं को दान दक्षिणा भी मिल रही है। कुछ जादूगरी के चमत्कार से लोगों को आकृष्ट कर रहे हैं। इनके यहां युवतियां कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी ले रही हैं। कुछ छीना झपटी और लूट के नए प्रयोग कर अपना धंधा जमा रहे हैं। योगी सरकार से निवेदन है ऐसे लोगों पर रहम करे, ऐसे अवसर कई सालों बाद आते हैं। यह निवेदन इसीलिए है कि गत दिवस एक किशोर साधु पर लोग पिल पड़े, सनातन ज्ञान की परीक्षा लेने लगे उसके अखाड़े का नाम पूछे। उस युवा की फजीहत कर डाले। एक दलित युवा ढपली बजा बजाकर लोगों को लुभा रहा था तो एक साधु ने उस पर जातिवाद का हमला कर, वहां से उसे खदेड़ दिया। ऐसे अनेक युवा पीएम की इच्छा के अनुसार रोजगार की तलाश में यहां आए हैं। महाकुं भ क्या है? यहां एक से एक मजमेबाज संत साधु और व्यापारी जुटे हुए हैं। युवाओं को भी अवसर देना चाहिए। देश भी तो ऐसे ही मजमेबाजों के हाथ में है फिर इनके प्रति ये व्यवहार अक्षम्य है। अभी तो जुम्मा जुम्मा दो-तीन रोज ही हुआ है। लगातार बेरोजगार युवाओं के जत्थे वहां पहुंचेंगे। याद रखिए बेरोजगारी कम करने का वादा इस महाकुंभ में साहिब जी ने किया हुआ है। बेरोजगारों का पहुंचना,साधु बनना, चमत्कार दिखाना, लूट करना कैसे गुनाह हो सकता है। यहां तो मजमेबाजों से बहुत कुछ सीखने का अवसर भी है। खास बात ये हुई कि इस महाकुंभ का पुण्य लेने विदेशों से ईसाई समाज के विशिष्ट वर्ग के लोग आए। दिवंगत लॉरेन पॉवेल, स्टीव जॉब्स की पत्नी, कुंभ मेले में शिरकत कर रही हैं। उनका कहना है कि कुंभ की आस्था को समझने के लिए भारत आई हैं। उनको पेशवाई में शामिल किया गया, जिसमें सिर्फ साधु हु शामिल होते रहे हैं। उन्हें मुख्य यजमान बनाया गया है। एक ईसाई को यजमान बनाना क्या कोई सियासती खेल है?

-**सुसंस्कृति परिहार** जन विचार संवाद में

# क्या हैं भयावह आग के संकेत

सामयिक



**शाहीन सबा**

विश्व का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फीले तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है।

जहां इस बर्फीले तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया, वहीं पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी हैं। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। मतलब नुकसान बड़ा हुआ। बाकी नुकसान का पता कुछ दिनों बाद मालूम होगा, क्योंकि अभी नुकसान का आंकलन किया जा रहा होगा।



**विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और?**

प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुंचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्राकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिए कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फायर फाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं।

यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है, इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के काफी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। जाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक खबर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं, परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती, क्योंकि इस इलाके में पहले भी अग्निकांड की घटनाए जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परंतु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही, पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिए कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता?

वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिजाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बंधी जो समाचार आ रहे हैं वे बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे, वही ग्लेशियर अब तेजी से पिघल रहे हैं। इतनी तेजी से कि समुद्र में इन बड़े-बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिए भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आंखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाके जहां के लोग बारिश और बर्फबारी से वाकिफ नहीं थे, वहां से बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई, वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है।

पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुंचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित परंतु जलवायु संकट को खुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते खतरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं, लेकिन वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व गरीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त जरूरत है।

अमृतवाणी

## मृत्यु के संदेश



**एक** व्यक्ति जिसे मृत्यु से बड़ा भय लगता था, ने बड़ी चतुराई से काल को ही अपना मित्र बना लिया। उसने अपने मित्र काल से कहा, मित्र, तुम किसी को भी नहीं छोड़ते हो, किसी दिन मुझे भी अपने साथ ले जाओगे। काल ने कहा, ये मृत्यु लोक है। जो आया है उसे मरना ही है। व्यक्ति ने कहा, मित्र मैं इतना ही चाहता हूं कि आप मुझे ले जाने से कुछ दिन पूर्व सूचना जरूर देना। ताकि मैं सब प्रबंध कर, भजन बंदगी शुरू कर दूं। आखिर मृत्यु की घड़ी आ पहुंची। काल बोला, मित्र समय पूरा हुआ मेरे साथ चलिए। उस व्यक्ति के माथे पर बल पड़ गए, कहने लगा, धिक्कार है तुम्हारे जैसे मित्रों पर! तुमने मुझे वचन दिया था कि आने से पूर्व सूचना दोगे। परंतु तुम तो बिना किसी सूचना के अचानक लेने आ गए। काल हंसा और बोला, मित्र इतना झूठ तो न बोलो। मैंने आपको एक नहीं चार संदेश भेजे। मेरे चारों संदेश इस समय आपके पास मौजूद हैं। आपके काले से सफेद हुए बाल, आपके नेत्रों की मंद ज्योति। दो मिनट भी संसार की ओर से आंखें बंद करके, ज्योतिस्वरूप प्रभु का ध्यान नहीं किया। मेरा तीसरा संदेश, तुम्हारे गिरे हुए दांतों के रूप में आया। अपने अंतिम संदेश के रूप में मैंने रोग और पीड़ाओं को भेजा, परंतु तुमने उनको भी नजर अंदाज कर दिया। उसने स्वीकार किया कि मैंने माया के मोह में इन चेतावनी भरे संदेशों पर गौर ही नही किया। मैं सदा यही सोचता रहा कि कल से भगवान का भजन करूंगा, अपनी कमाई अच्छे शुभ कार्यों में लगाऊंगा, पर वह कल ही नहीं आया। काल ने कहा, तुम्हारे ये सारी धन-संपत्ति , जमीन-जायदाद, सब यहीं छूट जाएगा। मेरे साथ तुम भी उसी प्रकार निर्वस्त्र जाओगे जैसे कोई भिखारी की आत्मा जाती है। क्योंकि ये सब साथ नहीं जा सकेगा।

तीखी नजर

## बिन दुल्हा बारात और दुल्हन



प्रदीप उपाध्याय

सुना है कि बारातें निकल चुकी हैं, दुल्हें घोड़ी चढ़ चुके हैं, सशंकित भी हैं कि कहीं दुल्हन ने वरमाला गले में न डाली तो क्या होगा! जगहंसाई होगी सो अलग लेकिन फिर भी थोड़े कॉन्फिडेंट भी हैं क्योंकि एक बारात बिना दुल्हे के निकल पड़ी है। लोग उसका मजाक भी बना रहे हैं। कह रहे है कि एक बिना दूल्हे की बारात। घोड़ा तैयार है, लेकिन उस पर चढ़ने वाला कोई नहीं है।

प्रश्न तो अहम है कि बिना दुल्हे के बारात कैसे आ सकती है। शादी की रस्म है तो दुल्हा तो होना ही चाहिए लेकिन जहां भरा पूरा परिवार हो, ढेरों लठंगे घुम रहे हों शादी की उम्र लेकर, पहले मुझे-पहले मुझे के दावे लेकर, वहां किसी को दुल्हा बनाकर पेश कर देने के खतरे भी तो हैं। ऐसा तो कर नहीं सकते कि एक दुल्हन पांच दुल्हों को सौंप दी जाए! पहले से दुल्हे की घोषणा करने में एक खतरा यह भी रहता है कि भले ही जय-वीरु की लाख दांत काटी रोटी वाली दोस्ती हो, वीरु के दुल्हा बनने पर जय मौसी को बरगला सकता है और परिणाम जय और वीरु दोनों के कंवारे रह जाने का रह जाता है। इसी स्थिति से बचने के लिए बारात भेजकर दुल्हन हासिल करने की एक नई रण नीति अपनाई जा रही है। दुल्हन पा जाने के बाद कुल के किसी भी पठ्ठे को पीछे की लाइन में से बुलाकर दुल्हा घोषित किया जा सकता है, क्योंकि जहां दुल्हन के लिए अंदर-बाहर चहुंओर संग्राम छिड़ा हो, तब सोच विचार कर दुल्हाकांक्षियों को अंदर खाने में तैयार रखा जा सकता है।

परेशानियां और भी हैं। एक परेशानी तो यह भी है कि जहां दुल्हन एक ही हो और अलग-अलग दुल्हे सज-धज के साथ अलग-अलग बारातों को लेकर पहुंच जाएं वहां बेचारी दुल्हन और घराती असमंजस में पड़ जाते हैं कि क्या करें, किसे चुनें! जब दुल्हे और बाराती ढेर सारे हों और दुल्हन के परिजन असमंजस में हों तब स्वयंवर का सहारा लिया जा सकता है लेकिन कभी कभी यह स्थिति भी तो निर्मित हो जाती है कि दुल्हन सिर्फ बारातियों के साथ उठकर चल देती है या फिर घराती ही यह मानकर चलते हैं कि दूसरे दुल्हें इतने योग्य नहीं हैं जिनके साथ कन्या के साथ सात फेरे लगवाए जा सकें याकि बिना दुल्हे के आई बारात ही इतनी भरोसेमंद लगे कि ठीक है दुल्हन बारातियों के साथ रवाना कर दी जाए यह विश्वास करते हुए कि वे योग्य वर के हाथों में ही दुल्हन का हाथ थमाएंगे। ऐसे बाराती कूदते फांदते आ टपकते हैं और समा बांध देते हैं घरातियों को भरमाते हुए कि ले जाएंगे, ले जाएंगे, दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे। इस तरह भ्रमजाल में फंसकर दुल्हन उनके साथ हो लेती है।

कभी कभी घराती भी चतुर चालाक निकलते हैं। दुल्हे को सब्जबाग दिखाकर दुल्हन को तो साथ कर देते हैं लेकिन कुछ ही समय बाद मालूम पड़ता है कि दुल्हन तो लुटेरी निकली। सब कुछ लूटकर धता बताकर किसी ओर के साथ चल दी। बहरहाल पंडितों ने विवाह तिथि निकाल दी है। शुभ मुहूर्त में अब स्वयंवर रचा जाएगा। दुल्हन वरमाला लिए खड़ी है। बाराती तैयार हैं और दुल्हें बैठे हैं आकांक्षा पाले!

नजरिया

# बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का सवाल



**लालजी जायसवाल**

पिछले दिनों उच्चतम न्यायालय का एक निर्णय भारतीय समाज की बड़ी विडंबना को रेखांकित कर रहा है कि यदि बच्चे बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करते तो उनके नाम हस्तांतरित की गई संपत्ति उनसे वापस ली जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट को यह निर्णय इसलिए देना पड़ा, क्योंकि एक बुजुर्ग महिला ने इस आधार पर बेटे के नाम की गई संपत्ति रद करने की मांग की थी कि उसने संपत्ति हासिल करने के बाद उनकी देखभाल करनी बंद कर दी थी। उसकी इस मांग पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि माता-पिता की देखभाल न करने पर बच्चों को दी गई संपत्ति वापस नहीं ली जा सकती।

बहरहाल यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय को पलट कर बुजुर्ग महिला को राहत दी। लेकिन क्या इससे समाज और विशेष रूप से उन बच्चों को कोई सही संदेश जाएगा, जो मां-बाप की संपत्ति हासिल करने के बाद भी उनकी देखभाल नहीं करते या फिर उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं? इसी के चलते पश्चिमी देशों की तरह अपने यहां भी वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं। बच्चों की उपेक्षा से त्रस्त और आर्थिक रूप से अक्षम बड़ी संख्या में बुजुर्ग दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। चूंकि एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है, इसलिए वृद्धाश्रमों की आवश्यकता बढ़ रही है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य, आर्थिक व सामाजिक स्थिति के अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार देश के हर चार में से तीन बुजुर्ग किसी न किसी गंभीर बीमारी के शिकार हैं। जीवन-प्रत्याशा लगभग 70 साल हो चुकी है यानी बुजुर्ग बढ़ रहे हैं। फिलहाल देश में हर दस लोगों में एक बुजुर्ग हैं। हर चौथा वृद्ध अपने रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत झेलता है। सवाल है कि आखिर बुजुर्गों की देखभाल से समाज विमुख क्यों हो रहा है? आज मनुष्य का सामाजिक जीवन पतन की ओर जा रहा है, जो अपने घर में बड़े-बूढ़ों को समुचित देखभाल तक सही से नहीं कर पा रहा है।


**सुप्रीम कोर्ट का एक हालिया निर्णय यह दर्शाता है कि हमारे समाज में बुजुर्गों की पारिवारिक देखभाल व्यवस्था कमजोर पड़ रही है, लिहाजा समाज और सरकार को मिलकर इसे सुदृढ़ बनाना होगा देश के बुजुर्गों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा गरीबी में जी रहा है।**



हालांकि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लागू की है, लेकिन इसमें केवल 40 प्रतिशत लोग ही शामिल हैं। इसलिए आज एकल परिवार के युग में बुजुर्गों के लिए सरकार को उनके सम्मानपूर्ण जीवन के लिए नीति, संस्थाएं व सामाजिक चेतना विकसित करनी होगी। वृद्धाश्रमों में कुछ व्यवस्था की कमी देखी जाती है, उसे दूर करना होगा। जैसे वृद्धों के लिए मनोरंजन सुविधाओं की कमी होती है और समुचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं होती है। लेकिन सरकार ने इन समस्याओं पर नजर रखते हुए सुधार का प्रयास भी किया है। इसके तहत बुजुर्ग अपनी स्वाभिमान भरी जिंदगी आसानी से बिता सकेंगे। अगर सरकार की बुजुर्गों के लिए दी गई योजना पर नजर डालें तो राष्ट्रीय 'वयो श्री योजना' जैसी योजनाएं हैं, जिनमें बुजुर्गों को सुनने बाली मशीनें, व्हीलचेयर तथा आरामदायक जूते, वैशाखी और कृत्रिम दांत, चश्मा आदि उपकरण मुफ्त प्रदान की जाती हैं। सवाल यह है कि जब वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनेक सरकारी योजनाएं लाभ पहुंचा रही हैं तो फिर उनकी हालत इतनी चिंताजनक क्यों है?

किसी भी समाज को तब तक सभ्य, विकसित व संवेदनशील नहीं कह सकते, जब तक उसके असहाय और बीमार बुजुर्गों की मुफ्त देखभाल करने वाली व्यवस्था न हो। दुनिया के अधिकांश बेहतर अर्थव्यवस्था वाले देशों में बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए सरकार की कल्याणकारी नीति है। वैसे भी भारत में स्वास्थ्य पर जीडीपी का नाममात्र का ही खर्च किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत इस समय दुनिया का सबसे युवा देश है। संयुक्त राष्ट्र की जनसंख्या कोष से जुड़ी इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में वर्ष 2022 में 60 वर्ष से ऊपर की जनसंख्या लगभग 14.5 करोड़ थी। इसके 2050 में 34 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है। कहा जा सकता है कि उस समय हमारी लगभग 20 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग हो जाएगी। इसका प्रभाव स्वास्थ्य, समाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। वृद्ध जनसंख्या के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण रोगों से लड़ने के तरीकों में बढ़ोतरी का होना है। इससे जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर प्रजनन दर घट रही है। इससे भी वृद्ध जनसंख्या अधिक हो रही है।

भारत में वृद्ध पुरुषों की अपेक्षा वृद्ध महिलाएं अधिक हैं। दूसरी ओर, कार्यबल में महिलाओं का प्रतिशत कम है। इन स्थितियों में वृद्ध महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा एक चुनौती बनी हुई है। देश के बुजुर्गों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा गरीबी में जी रहा है। इन तमाम चुनौतियों का सामना करने के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, भोजन और आश्रय की बुनियादी जरूरतें, आय सुरक्षा और सामाजिक देखभाल की आवश्यकता है। बुजुर्ग जनसंख्या से जुड़ी अनेक योजनाएं भी हैं, लेकिन लोग इनसे अनजान हैं या इनसे जुडना उन्हें बोझिल लगता है। फिलहाल वरिष्ठ नागरिकों को अधिक सम्मानजनक जीवन देने के लिए सार्वजनिक और निजी नीतियों के द्वारा अधिक सहायक वातावरण तैयार किया जाना चाहिए।



आर्यना सबालेंका

# तीसरे दौर में पहुंचे नोवाक जोकोविच

**सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक ने फारिया को 6-1, 6-7, 6-3, 6-2 से हराया**

**अल्काराज ने योशिहितो को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश**

**मानेरो को हराकर सबालेंका तीसरे दौर में पहुंची**


नोवाक जोकोविच

मेलबर्न, वार्ता

**सार्बिया** के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुर्तगाल के जैमे फारिया को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली हैं। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ने आज यहां रॉड लेवर एरिना में तीन घंटे तक चले मुकाबले में फारिया को 6-1, 6-7, 6-3, 6-2 से हराया। मैच के दौरा फारिया के बेहतरीन खेल का मुजाहिरा किया और जोकोविच को कई बार परेशानी में डाला। जोकोविच का तीसरे दौर में चेक गणराज्य के टॉमस माचैक से मुकाबला होगा। जोकोविच का यह ग्रैंडस्लैम करियर का 430वां सिंगल्स मैच था। वे इस आंकड़े को छूने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने स्विस खिलाड़ी रोजर फेडरर (429) को पीछे छोड़ा।

### आर्यना सबालेंका का सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा

अमेरिका की सेरेना विलियम्स (423) लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। वहीं स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को जापान के योशिहितो निशिओका को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। आज यहां स्पेन के विश्व नंबर दो खिलाड़ी अल्काराज ने दूसरे दौर में सटीकता, शक्ति और गति के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 81 मिनट में जापानी खिलाड़ी निशिओका को 6-0, 6-1, 6-4 से हराया। अल्काराज ने पहला सेट मात्र 18 मिनट में जीता। तीसरे सेट में थोड़े समय के लिए वापसी सहित अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद, निशिओका अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बढ़त को रोक नहीं पाए। तीसरे दौर में अल्काराज का सामना ऑस्ट्रेलिया के 27वें वरीयता प्राप्त जॉर्डन थॉम्पसन या पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के बीच होने वाले विजेता से होगा। वहीं गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने बुधवार को जेसिका बौजास मानेरो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गये मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त और लगातार तीसरे खिताब की प्रबल दावेदार सबालेंका ने अपनी स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी मानेरो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। बेलारूसी खिलाड़ी ने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए वापसी की और मानेरो को 6-3, 7-5 से हराया। सबालेंका का तीसरे दौर में डेनमार्क क्लारा टॉसन से मुकाबला होगा।

## सार संक्षेप

### नेशनल यूनाइटेड ने रॉयल रेंजर्स को हराया

**नई दिल्ली** : नेशनल यूनाइटेड एफसी ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग मुकाबले में रॉयल रेंजर्स को 1-0 हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं सुदेवा एफसी और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच होने वाले दिन के दूसरे मैच को रद कर दिया गया। देर से फॉर्म पाने वाले नेशनल यूनाइटेड ने पिछले उपविजेता रॉयल रेंजर्स को सेमन विश्वास के एकमात्र गोल से परास्त करके ना सिर्फ पूरे तीन अंक अर्जित किए बल्कि दो बड़ी बाधाओं को पार करने में सफलता भी पाई। प्लेयर ऑफ द मैच लाइमुजियम काइम सिंह ने विजेता टीम के लिए दर्शनीय प्रदर्शन किया। आज के नतीजे के बाद से नेशनल यूनाइटेड ने 14 मैचों में 13 अंक बना लिए हैं। यूनाइटेड भारत छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। रॉयल रेंजर्स ने 13 मैचों में 26 अंक जुटाए हैं और फिलहाल सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स के बाद दूसरे स्थान पर है। रॉयल रेंजर्स में स्टार खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन यूनाइटेड ने उनकी एक नहीं चलने दी। डीपीएल में यह अब तक के सबसे बड़े उलटफेरों में से है।

### अश्विन बोले-मेरा टाइम खत्म हो गया इसलिए रिटायरमेंट लिया



**चेन्नई** : पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने संन्यास को लेकर पहली बार बात की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिर्फ इसलिए संन्यास लिया क्योंकि उन्हें लगा कि उनका समय खत्म हो गया है। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया में इस महीने खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बीच में ही रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी। उन्होंने तीसरे टेस्ट के बाद ब्रिस्बेन में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अश्विन ने इस बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में सिर्फ एक मैच खेला था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा कि मैं बहुत सोचता हूं, लाइफ में क्या करना चाहिए। आपको यह समझना चाहिए कि यह स्वाभाविक रूप से होता है। अगर किसी को यह पता चल जाए कि उसका समय खत्म हो गया है, तो फिर सोचने के लिए कुछ नहीं रहता। मेरे संन्यास के बाद लोगों ने बहुत कुछ बोला, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ी बात है। मैं यही बोल रहा हूं, इसमें इतना दिमाग मत लगाओ। अश्विन ने आगे कहा कि मैं और क्रिकेट खेलना चाहता हूं। जगह कहां है? जाहिर है भारतीय ड्रेसिंग रूम में नहीं बल्कि कहीं और, मैं खेल के प्रति ईमानदार रहना चाहता हूं। सोचिए अगर मैं फेयरवेल टेस्ट खेलना चाहता हूं लेकिन टीम में खेलने के लिए मैं डिजर्व नहीं करता हूं, तो मैं खुद नहीं चाहूंगा कि मुझे टीम में लीजिए।

### हरियाणा को हराकर कर्नाटक विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

**वड़ोदरा** : अभिलाष शेट्टी (चार विकेट) की बेहरीन गेंदबाजी के बाद देवदत्त पडिकल (86) और आर स्मरण (76) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। हरियाणा के 237 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान मयंक अग्रवाल (04) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये के वी अनीश ने देवदत्त के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। 16वें ओवर में अमित राणा ने अनीश (22) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। निशांत सिधु ने देवदत्त को आउट किया।

# भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप

**भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 304 रनों से हराया और सीरीज भी 3-0 से जीती**

**प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) ने खेलीं शतकीय पारियां**



**राजकोट, वार्ता** : प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों के बाद दीप्ति शर्मा (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को रिकॉर्ड 304 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली हैं।

भारत के 435 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान गैबी लुईस (01) को तितास साधु ने पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। क्रिस्टिना कुल्टर रीली (00) को सायली सातघरे ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद सारा फोर्ब्स और ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 15वें ओवर में तनुजा कंवर ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (41) रनआउट हुई। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लॉरा डेलेनी (10), ली पॉल (15) को आउट किया। आर्लीन केली (02), जॉर्जिना डेम्पसी (00) पर रनआउट हुई। 31वें ओवर में अवा कैनिंग (02) नौवें विकेट के रूप में आउट हुई। दीप्ति शर्मा ने 32वें ओवर की चौथी गेंद पर फ्रेया सार्जेंट (01) को आउट कर आयरलैंड की पारी 131 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। तनुजा कंवर को दो विकेट मिले। तितास साधु, सायली सातघरे और मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिए 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

# चैंपियंस ट्रॉफी ओपनिंग सेरेमनी में पाकिस्तान जा सकते हैं रोहित

● मुंबई, वार्ता



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी।

सूत्र ने बताया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। इसमें सभी कप्तान हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ओपनिंग सेरेमनी का प्लान बनाया है। ये ओपनिंग सेरेमनी 16 या 17 फरवरी को हो सकती है। यह वॉर्म-अप मैचों के कार्यक्रम पर निर्भर करेगा। हालाकि, आईसीसी या बीसीसीआई की ओर से इसको लेकर अभी तक किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई है। भारत ग्रुप-ए में है। टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। 4 और 5 मार्च को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। शुरूआत में भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान पहले तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा, लेकिन भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है।

**16 या 17 फरवरी को हो सकता है इवेंट, 19 फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट**

### वनडे रैंकिंग में बुमराह को एक अंक का नुकसान

दुबई, वार्ता : भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी की वनडे रैंकिंग में एक अंक का नुकसान हुआ है। वे 645 पॉइंट्स के साथ 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर महीश तीक्षणा (663 पॉइंट्स) टॉप-3 में पहुंच गए हैं। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर ने न्यूजीलैंड में श्रीलंका के लिए लगातार दो वनडे मैचों में कुल सात विकेट लिए। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, टेस्ट और टी-20 रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। महेश तीक्षणा वनडे के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे हैं। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ वनडे बल्लेबाजी के टॉप-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के बाबर आजम (795), रोहित शर्मा (765), शुभमन गिल (763) और विराट कोहली (746) की भारतीय तिकड़ी से आगे टॉप पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में राशिद खान 669 पॉइंट्स लेकर टॉप पर बरकरार है। भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव टॉप-2 पर कायम हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी (635) ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 10.33 की औसत से नौ विकेट लेकर तीन पायदान ऊपर चढ़कर जम्पा के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### भारतीय महिला ईरान को हराकर क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता** : दक्षिण कोरिया को 175-18 के अंतर से ऐतिहासिक शिकस्त देने के एक दिन बाद भारतीय महिला खो-खो टीम ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बुधवार को ईरान को 84 अंकों से भारी भरकम अंतर से हराकर खो-खो विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ब्लू जर्सी में खेल रही भारतीय महिलाओं ने दिखाया कि वे क्यों खिताब की दावेदार है। इस टीम ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 100-16 का स्कोर बनाकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए शुरुआती सेकंड से ही दबदबा बनाए रखा। मैच की शुरुआत भारत की ट्रेडमार्क आक्रामक शुरुआत के साथ हुई, क्योंकि उन्होंने 33 सेकंड के भीतर ईरान के पहले बैच को बाहर कर दिया। अश्विनी ने आक्रमण की अगुआई की, जबकि मीनू ने कई टच पॉइंट के साथ अपना शानदार फॉर्म जारी रखा, जिससे भारत को पहले टर्न में प्रभावशाली 50 अंक हासिल करने में मदद मिली। आक्रमण सभी चार टर्न में जारी रहा, जिसमें तीसरे टर्न में छह मिनट आठ सेकंड का शानदार ड्रीम रन शामिल था, जिसने मैच को प्रभावी रूप से भारत के नाम कर दिया।

# प्रणय और प्रियांशु इंडिया ओपन बैडमिंटन से बाहर

## महिला एकल में अनुपमा जीतीं; पोनप्पा जोड़ीदार के साथ अगले दौर में



**नई दिल्ली, वार्ता** : भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और प्रियांशु राजावत इंडिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के पहले दौर में हार गए हैं। बुधवार को नई दिल्ली में खेली जा रही इस प्रतियोगिता का दूसरा दिन था। राउंड ऑफ 32 में प्रियांशु को दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21-16, 20-22, 21-13 से हराया। जबकि एचएस प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16-21, 21-18, 21-12 से मात दी।

प्रतियोगिता की महिला एकल कैटेगरी में पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय इस सुपर-750 प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गईं। उन्होंने भारत की रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराया। दोनों गोपीचंद अकादमी के ट्रेनिंग कोर्ट के बाहर अच्छी दोस्त हैं। सुबह के मुकाबलों में आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-17, 21-13 से हराया। जबकि मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21-16, 21-11 से हराया। दुनिया की नंबर-1 ओलिंपिक चैंपियन कोरिया की अन सि यंग ने चीनी ताइपै की चियू पिन चियान को 22-20, 21-15 से हराया। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने विमेंस डबल्स कैटेगरी में काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21-11, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। ऋतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीस्त्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7-21, 21-19, 21-14 से हराया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK